




# दैनिक छत्तीसगढ़ गौरव

डाक पंजीयन क्रमांक :जी2-112/सी.जी/बी.एल.पी./032/ 2023-2026

website:- chhattisgarhgaurav.in








वर्ष 25 अंक 147 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रूपये शुक्रवार 29 अगस्त 2025 डाक-शनिवार 30 अगस्त 2025 chhattisgarhgaurav@rediffmail.com


## प्रथमेश

### समंदर भी बन गया वॉर जोन, रूस ने यूक्रेन का सबसे बड़ा नौसैनिक जहाज डुबाया

यूक्रेन ,29 अगस्त (एजेंसी)। यूक्रेन को एक बड़ा झटका तब लगा जब रूस के एक ड्रोन हमले में उसका सबसे बड़ा नौसैनिक जहाज डूब गया। यूक्रेनी नौसेना का एक टोही जहाज, सिम्फ़रोपोल, ओडेसा क्षेत्र के पास डेन्यूब नदी के डेल्टा में एक रूसी नौसैनिक ड्रोन द्वारा हमला किया गया। यूक्रेनी नौसेना ने बताया कि इस हमले में एक नाविक की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लापता हैं और उनका पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है। यूक्रेनी नौसेना के प्रवक्ता दिमित्रो प्लेटेनचुक ने कीव इंडिपेंडेंट को बताया कि हमले के बाद की स्थिति से निपटने के प्रयास जारी हैं। अधिकांश चालक दल सुरक्षित हैं और कई लापता नाविकों की तलाश जारी है। यह यूक्रेनी जहाज पर रूस का पहला नौसैनिक ड्रोन हमला है। रिपोर्टों के अनुसार, रूस ने यह हमला रिमोट से संचालित नाव का इस्तेमाल करके किया। यूक्रेन ने पहले भी कई रूसी नौसैनिक जहाजों को निशाना बनाया है, लेकिन फरवरी 2022 में छिड़े युद्ध में उसे शायद ही कोई नौसैनिक नुकसान हुआ हो। हालांकि, रूस अब ड्रोन हमलों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। गुरुवार को उसने कीव पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया, जिसमें कम से कम 19 लोग मारे गए और लगभग 48 घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में कम से कम चार बच्चे मारे गए। इस बीच, रूसी अधिकारियों ने दावा किया कि उसने गुरुवार को 102 यूक्रेनी ड्रोन भी मार गिराए।

# उत्तराखंड में भारी वर्षा का कहर, तीन जिलों में बादल फटने से 8 लोगों की मौत और कई लापता

देहरादून,29 अगस्त (एजेंसी)। उत्तराखंड में भारी वर्षा और भूस्खलन से भारी नुकसान पहुंचा है। चमोली, रुद्रप्रयाग, नई टिहरी और बागेश्वर में गुरुवार रात अतिवृष्टि से भूस्खलन में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लापता हैं। बागेश्वर के पोसारी गांव में भूस्खलन से एक भवन ध्वस्त होने से पांच लोगों की मौत की सूचना है।





चमोली जिले के देवाल मोपाटा गांव में अतिवृष्टि से एक आवासीय भवन भूस्खलन की चपेट में आने से दंपती की मौत हो गई। रुद्रप्रयाग के बड़ेथ डुंगर तोक में भूस्खलन के बाद एक महिला की जान चली गई, जबकि आठ लोग अभी लापता हैं। इनमें नेपाल के चार श्रमिक भी शामिल हैं। प्रदेश में नदी नाले उफान पर हैं। पौड़ी के श्रीनगर में अलकनंदा नदी का पानी बदरीनाथ हाईवे तक पहुंच गया है। उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री व यमुनोत्री हाईवे अवरुद्ध हैं।

हल्द्वानी में हल्द्वानी-भीमताल हाईवे रानीबाग के पास भूस्खलन से अवरुद्ध हो गया है। देहरादून में दूधली के खट्टा पानी क्षेत्र में सुसवा नदी मे सात वर्षीय बालक का शव मिला है। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस, जिला प्रशासन राहत-बचाव में जुटा है। हरिद्वार में मूसलधार वर्षा ने शहर को अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए पांच जिलों के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आपदा प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों से निरंतर संपर्क में हैं। उन्होंने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अपने आवास पर बैठक कर राहत व पुनर्वास कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। छेनागाड़ नामक क्षेत्र में नुकसान की सूचना है। जहां पर 04 स्थानीय व 04 नेपालियों के मलबे में दबने की संभावना है। वहां करीब 7-8 जगहों पर रास्ता टूटने के कारण रेस्क्यू टीमों के पहुंचने में देरी हुई। रेस्क्यू टीमें पहुंचने के बाद राहत बचाव कार्य जारी है।

# जैश के आतंकियों से शक्ल मिलने का शक! तीन संदिग्ध को पुलिस ने पकड़ा




मधुबनी,29 अगस्त (एजेंसी)। मधुबनी के घोघरडीहा थाना क्षेत्र में जैश के आतंकियों वाले मामले में एक संदिग्ध को पकड़ा गया है। हालांकि घोघरडीहा पुलिस अभी कुछ बोल नहीं रही है। पुलिस के वरीय पदाधिकारी शायद मधुबनी लाकर पूछताछ करेंगे।

घोघरडीहा थानाध्यक्ष शुभम कुमार ने पुष्टि की है कि संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। मगर किस कारण से संदेह है यह जानकारी अभी वे नहीं दे रहे हैं।

उनका कहना है कि वरीय पुलिस पदाधिकारी पूछताछ करेंगे। उसके बाद ही कोई पुष्टि हो पाएगी। सूत्रों का कहना है कि आतंकियों की जारी फोटो से शक्ल मिलने के संदेह में पकड़ा गया है। जिस जगह से संदिग्ध को पकड़ा गया है वो नेपाल सीमा से 35-40 किमी दूर है।

घोघरडीहा के शत्रुपट्टी से तीन संदिग्ध को पकड़ा गया है। पुलिस सूत्रों का कहना है 15 से 20 प्रतिशत शक्ल मिल रहा है। एक और संदिग्ध को पकड़ा गया है। शत्रुपट्टी में मुस्लिम आबादी बहुत है।

सूत्रों का कहना है कि किसी रिश्तेदार के यहां ठहरे हुए थे। दिल्ली का पता है। रात में पकड़ा गया है। फुलपरास डीएसपी ने पूछताछ की है। मगर अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है।

# पीएम नरेन्द्र मोदी और उनकी मां के लिए अपशब्द कहने वाले को पुलिस ने दरभंगा से किया गिरफ्तार

दरभंगा,29 अगस्त (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राहुल-तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा दौरान अपशब्द कहने के मामले में सिमरी थाने की पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। शेष को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी चल रही है।

सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि अपशब्द कहने का जो वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ था, उसकी जांच साइबर थाने की ओर से की गई। इसमें कुछ को सत्यापित किया गया है। इस आधार पर सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र की भवानीपुर पंचायत



के भपुरा निवासी अनीश कुरैशी के पुत्र मो. रिजवी उर्फ राजा (25) को गिरफ्तार किया गया है।

स्वागत मंच से अपशब्द का प्रयोग-बता दें कि बुधवार को वोटर अधिकार यात्रा दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, तेजस्वी यादव आदि आइएनडीआइ नेता के स्वागत में सिमरी थाना क्षेत्र के अतरबेल बिठौली चौक पर बने मंच से पीएम मोदी और उनकी स्वर्गीय माता के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग किया गया था। जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर गुरुवार को वायरल हुआ था। इसे भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गंभीरता से लिया। दरभंगा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने साइबर और सिमरी थाने में प्राथमिक के लिए आवेदन दिया। इसमें एसएसपी के निर्देश पर सिमरी थाने में प्राथमिक की गई। मामले में कांग्रेस नेता मो. नौशाद सहित अन्य को आरोपित किया गया है ।

# मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड, जापान से पीएम मोदी ने दिया नया मंत्र

नई दिल्ली ,29 अगस्त (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-जापान संयुक्त आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए दोनों देशों के बीच गहरी होती रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी पर ज़ोर दिया। टोक्यो में बोलते हुए, मोदी ने भारत के तेज़ विकास, जापानी निवेश की बढ़ती भूमिका और एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में भारत के उज्ज्वल भविष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जापानी कंपनियों ने भारत में 40 अरब डॉलर से ज़्यादा का निवेश किया है, जिसमें से 13 अरब डॉलर पिछले दो वर्षों में ही आए हैं, जो भारत के विकास पथ पर मज़बूत विश्वास को दर्शाता है।



मोदी ने भारत के स्थिर राजनीतिक माहौल और पारदर्शी नीतिगत ढाँचे की ओर इशारा करते हुए कहा कि आज, भारत में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता है। हमारी नीतियों में पारदर्शिता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है और निकट भविष्य में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। प्रधानमंत्री ने भारत की प्रगति का श्रेय सुधारों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को देते हुए कहा कि भारत में इस बदलाव के पीछे हमारा सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन का दृष्टिकोण है। उन्होंने रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में पहले किए गए सुधारों को आगे बढ़ाते हुए, परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए खोलने के सरकार के फैसले की घोषणा की।

मज़बूत द्विपक्षीय संबंधों पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने जापान को भारत की विकास यात्रा में एक प्रमुख भागीदार बताया। उन्होंने कहा कि मेट्रो रेल से लेकर विनिर्माण, सेमीकंडक्टर से लेकर स्टार्टअप तक... जापान हमेशा से एक महत्वपूर्ण भागीदार रहा है। मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कई जापानी व्यापारिक नेताओं के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों का भी उल्लेख किया।




## दादा ने ही पोते की बलि दी, आरी से काटकर लाश के टुकड़े नाले में बहाए

प्रयागराज ,29 अगस्त (एजेंसी)। संगमनगरी प्रयागराज के करेली इलाके में अंधविश्वास के चलते एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने तांत्रिक के बहकावे में आकर अपने ही रिश्तेदार के 17 वर्षीय बेटे की नृशंस हत्या कर दी। आरोपी ने किशोर की हत्या के बाद उसके सिर और धड़ को अलग-अलग कर शहर के दो अलग-अलग कोनों में फेंक दिया ताकि उसकी पहचान न हो सके। पुलिस ने इस खौफनाक हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी रिश्तेदार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने बताया कि आरोपी शरण सिंह मृतक किशोर पीयूष के सगे दादा का भाई है। पूछताछ में उसने जो खुलासा किया, वह बेहद चौंकाने वाला है। शरण सिंह ने बताया कि उसके बेटे और बेटी ने 2023 और 2024 में आत्महत्या कर ली थी, जिससे वह टूट गया था। इसका कारण जानने के लिए वह एक तांत्रिक के पास गया।

# भारी बारिश से भरे डेम, पंजाब में टूटा फ्लूड गेट , पानी में फंसे 65 से अधिक लोग, 45 ट्रेनें रद्द

माधोपुर ,29 अगस्त (एजेंसी)। पंजाब में बारिश और डैमों से लगातार छोड़े जा रहे पानी के कारण 7 जिले बाढ़ की मार झेल रहे हैं। वहीं, रावी नदी में आए उफान के कारण पठानकोट में माधोपुर हेडवर्क्स के चार फ्लड गेट टूट गए। जिस कारण यहां 65 से अधिक लोग फंस गए।

दरअसल, रणजीत सागर डैम से बुधवार दो लाख से अधिक क्यूसेक पानी माधोपुर की ओर छोड़ा गया। दोपहर तक पानी को नियंत्रित करने के प्रयास किए गए ताकि माधोपुर हैडवर्क्स पर पानी रोकने के लिए बनाए गए गेटों को खोला जा सके। इस कार्य में विभाग के 65 कर्मचारी और अधिकारी बाहरी टीमों के साथ जुट गए। लेकिन अचानक पानी को रोकने के लिए लगाए गए 54 गेटों में से चार गेट बह गए, जिससे एक कर्मचारी बह गया। एक अधिकारी ने बहते हुए कर्मचारी को बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी मुश्किल में पड़ गया। इस घटना के कारण लगभग 65 कर्मचारी और अधिकारी कश्मीर कैनाल में पानी आने के कारण फंस गए। पठानकोट माधोपुर हेडवर्क्स में फंसे लोगों को निकालने के लिए छत पर हेलिकाप्टर उतारा गया।



इसके बाद जिलाधीश से संपर्क कर हेलीकॉप्टर के माध्यम से कर्मचारियों और अधिकारियों को निकालने का कार्य शुरू किया गया। दो हेलीकॉप्टरों की मदद से सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश एक कर्मचारी पानी में बह गया, जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है।

वहीं, रावी-ब्यास और सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ने से पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन, होशियारपुर, कपूरथला, फिरोजपुर और फाजिल्का जिले के 150 से अधिक गांव डूब गए हैं। यहां हृ्छ्क्रस्न, स्ठ्क्रस्न और सेना को रेस्क्यू में लगाया गया है। करतारपुर साहिब कॉरिडोर के साथ-साथ पाकिस्तान में करतारपुर साहिब गुरुद्वारा परिसर में पानी भर गया है।

# पाकिस्तान से हेरोइन सप्लाई का मुख्य तस्कर पिंदर पंजाब से गिरफ्तार

रायपुर,29 अगस्त (एजेंसी)। राजधानी रायपुर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय एक बड़े ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पाकिस्तान से हेरोइन और अन्य नशीले पदार्थ मंगाने वाले मुख्य तस्कर कवलजीत सिंह उर्फ पिंदर को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। यह वही गिरोह है, जिसके लोकल नेटवर्क से जुड़े लवजीत सिंह उर्फ बंटी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। पिंदर को गुरुवार देर शाम कड़ी सुरक्षा के बीच पंजाब से रायपुर लाया गया। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क का राजफाश करने की तैयारी में है।



जानकारी के अनुसार यह गिरोह पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए मादक पदार्थों की तस्करी करता था। कवलजीत इस तस्करी का मुख्य सरगना है। उसके लोकल नेटवर्क से जुड़े एक थर्ड जेंडर समेत आधा दर्जन से ज्यादा तस्करों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। यह थर्ड जेंडर आरोपित रायपुर के बार, क्लब और होटलों में ड्रग की सप्लाई करता था। पिंदर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को पूरे नेटवर्क की तहकीकात करने में बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद है और आने वाले दिनों में कई और बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस मामले की कड़ियां तब जुड़ीं जब पुलिस ने कवलजीत के मुख्य सहयोगी लवजीत सिंह को गिरफ्तार किया। लवजीत रायपुर में सप्लाई का काम देखता था। लवजीत के साथ ही राजनांदगांव निवासी सुवित श्रीवास्तव, महाराष्ट्र के गोंदिया निवासी अनिकेत मालधरे, टाटीबंध निवासी मुकेश सिंह और जुनैद उर्फ शेख चिला को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पूछताछ में मिले सुरागों से पुलिस कवलजीत तक पहुंची और आखिरकार उसे पंजाब से दबोच लिया गया।

जांच में यह भी सामने आया है कि कवलजीत का नेटवर्क सिर्फ रायपुर तक ही सीमित नहीं था, बल्कि पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र सहित कई अन्य राज्यों में भी फैला हुआ था। वह पाकिस्तान से हेरोइन (जिसे %चिट्टा% भी कहते हैं) मंगाकर अपने गैंग के जरिए बड़े पैमाने पर सप्लाई करता था।

पिछले कुछ महीनों में रायपुर पुलिस ने हेरोइन, चिट्टा और एमडीएमए जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े तीन दर्जन से अधिक आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मुंबई स्थित नेटवर्क संभालने वाली एक फैशन डिजाइनर युवती भी शामिल है, जो फिलहाल फरार है। अपने साथियों की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया और पुलिस से बच रही है। पुलिस का मानना है कि इस युवती की गिरफ्तारी से मुंबई और अन्य महानगरों में फैले नेटवर्क का राजफाश हो सकता है।



## वाह वाह

दामाद को परेशान देख ससुर ने उससे कहा,

तुम चाहो तो अपनी परेशानी मुझे कह सकते हो

दामाद- मलेरिया के बारे में मच्छर से क्या बात करना....

दामाद- आपकी लड़की में दिमाग नाम की कोई चीज नहीं है,

मुझे पहले पता होता तो में ये शादी ही नहीं करता

ससुर- जब तुम देखने आए थे, तो तुमने सिर्फ हाथ मांगा था

दिमाग की तो कोई बात ही नहीं हुई थी

अब कुछ नहीं हो सकता.....

# दक्षिणी छत्तीसगढ़ में हो सकती है भारी बारिश, अगले दो दिन पूरे प्रदेश में झमाझम बरसात की संभावना

रायपुर,29 अगस्त (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ से सटे दक्षिणी ओड़िसा के पास बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब की स्थिति बनी हुई है। जिसका प्रभाव प्रदेश के मौसम पर पड़ रहा है। पिछले 3-4 दिनों से प्रदेश के दक्षिणी क्षेत्र में भारी बारिश हुई है, जिस कारण कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। वहीं शुक्रवार को भी छत्तीसगढ़ पर इसका असर देखने को मिल सकता है।



मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी पर सक्रिय निम्न दबाव क्षेत्र फिलहाल उड़ीसा की ओर बढ़ रहा है, जिसका असर आने वाले 24 घंटों में छत्तीसगढ़ तक पहुंच सकता है। इसके असर से प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई जा रही है। वहीं उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ में 30 और 31 अगस्त को तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि मौसम में बदलाव की प्रक्रिया जारी है और अगले दो दिनों में बारिश की स्थिति सामान्य हो सकती है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले 24 घंटे में प्रदेश में सर्वाधिक बारिश बस्तर संभाग में हुई है। सुकमा जिले के एक दो स्थानों पर भारी बारिश देखने को मिली है, वहीं दुर्ग जिले में भी कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई है। इसके अतिरिक्त मध्य व उत्तर छत्तीसगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। सुकमा के कोंटा क्षेत्र में सर्वाधिक 58 मिमी बारिश दर्ज की गई है। वहीं प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 33 डिग्री बिलासपुर जिले में दर्ज किया गया है, जबकी न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस पेंड्रा रोड में दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग की माने तो शुक्रवार को रायपुर का मौसम सामान्य रहने की संभावना है। आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है, साथ ही गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। शहर का तापमान 32 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

# अपनी जिम्मेदारी समझते हुए विकास के कार्यों को प्राथमिकता दें अधिकारी-सांसद महंत

## सांसद ज्योत्सना महंत ने की योजनाओं की समीक्षा, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक






कोरबा ( छ.ग.गौरव ) । जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ( दिशा ) की बैठक लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद श्रीमती महंत ने कहा कि जिले के अधिकारी जनहित के कार्यो को प्राथमिकता दें और जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर जिले के विकास से जुड़ी हुई कार्यो को समय पर करायें ताकि संबंधित क्षेत्र के लोग उसका लाभ उठा सकें। उन्होंने का कि जो भी महत्वपूर्ण कार्य है, उन कार्यों के संबंध में संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी सूची दें और जनता जरूरत वाले कार्यों एवं मांग को अवगत कराये। सांसद श्रीमती महंत ने लोगो को बेहतर स्वास्थ्य, बच्चों को अच्छी शिक्षा,, पेयजल उपलब्धता के लिए जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से करने और दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में आवगमन के लिए बेहतर सड़क, आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता और उपस्थिति, मनरेगा के कार्यों को समय पर पूर्ण करने, प्रधानमंत्री आवास योजना में जरूरतमंद हितग्राहियों को लाभान्वित करने की दिशा में सभी को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

सांसद श्रीमती महंत ने पूर्व बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। सांसद श्रीमती महंत ने कोरबा जिले में मनरेगा के कार्यों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना, जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी तथा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सक तथा मरीजों के उपचार के लिए एंबुलेंस की तैनाती सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सांसद ने दिए गए लक्ष्य के अनुरूप मनरेगा के कार्यो को समय पर पूर्ण करने, पीएम आवास योजना में वंचित परिवारों के नाम जोड़ने, समय पर मजदूरी भुगतान के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने बारिश में क्षतिग्रस्त हुए सड़को के मरम्मत कराने, पात्र हितग्राहियों के नाम पेंशन योजना में जोड़ने, गांव में जल उपलब्ध कराने से पूर्व स्त्रोत का पता लगाकर टंकी का निर्माण कार्य करने, नगर पांचायत पाली में पेयजल आपूर्ति हेतु सैला डेम एवं खदान क्षेत्र में उपलब्ध पानी का उपयोग करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रो में दवाइयों की उपलब्धता, रेबीज, सर्पदंश के उपचार के लिए एण्टी स्नेक, घायलों और पीड़ितों की आवश्यकताओं को देखते हुए जरूरत के समय एम्बुलेंस, पोस्टमार्टम की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए गए। सांसद श्रीमती महंत ने कोरबा जिले में गंभीर दुर्घटनाओं के दौरान सिटी स्कैन और एमआरआई की आवश्यकताओं को देखते हुए जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में पीमएश्री विद्यालयों में अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने, सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के अनुपात में शिक्षक की व्यवस्था, किसानों को खाद तथा पीडीएस दुकानों में चना सहित अन्य खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में सांसद श्रीमती महंत ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, ई-श्रम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, एकीकृत बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, भू-अभिलेख आधुनिकीकरण, दीनदयाल उपाध्याय विद्युतीकरण योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्कूल शिक्षा विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग, सांख्यिकी विभाग, नगर पालिक निगम, डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, डिजीटल इण्डिया, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विधायक रामपुर श्री फूलसिंह राठिया, विधायक पाली श्री तुलेश्वर सिंह मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिह कवंर, ने जिले के विकास कार्यों में सभी की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताते हुए स्वीकृत कार्यो को पूर्ण कराने में रूचि लेकर क्षेत्र में होने वाले कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराने की बात रखी। इस दौरान प्रभारी कलेक्टर आशुतोष पाण्डेय ने दिए गए निर्देशों का पालन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले में शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन तथा डीएमएफ के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण के लिये किये गये कार्यों की जानकारी दी। बैठक में अध्यक्ष जनपद पंचायत कटघोरा - श्रीमती झूलबाई कंवर, पोंड़ीउपरोड़ा- श्रीमती माधुरी देवी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दीपका- राजेन्द्र राजपूत, कटघोरा- राज जायसवाल, अध्यक्ष नगर पंचायत छुरी- श्रीमती पद्मिनी देवांगन, पाली-अजय जायसवाल, प्रतिष्ठित स्वशासी संस्था प्रतिनिधि मुरली दास संत, अनुसूचित जाति प्रतिनिधि मनीष कुमार अनंत, महिला प्रतिनिधि श्रीमती ममता यादव, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारीगण और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# बालको में गणेश चतुर्थी उत्सव पर की गई पूजा अर्चना





बालकोनगर( छ.ग.गौरव )। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ( बालको ) में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया। संयंत्र के विभिन्न जगहों पर भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक रंग देखने को मिला। बालको के सीईओ एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरे स्टाफ के साथ मिलकर श्रीगणेश पूजन किया और सभी के लिए सुख, समृद्धि और कार्यसिद्धि की कामना की। मंत्रोच्चारण और गणपति आरती से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

देश शाम बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने जीईटी हॉस्टल में युवा कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ सामूहिक रूप से भगवान गणेश की विधिपूर्वक पूजा आराधना की। कार्यक्रम के अंत में मोदक का प्रसाद वितरण किया गया और सभी कर्मचारियों एवं अतिथियों ने प्रसाद ग्रहण कर शुभकामनाएँ दीं।

इस विशेष अवसर पर उन्नति परियोजना से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जीईटी हॉस्टल में स्टॉल लगाकर, आत्मनिर्भरता को और सशक्त किया। गणेश चतुर्थी जैसे पर्व संगठन में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं, और बालको परिवार हर वर्ष इसे पूरे उत्साह के साथ मनाता है।

## कृष्ण की बाल लीलाओं से झूम उठे श्रोतागण

कोरबा( छ.ग.गौरव )। पितृमोक्षार्थ गयाश्राद्धांतर्गत मातनहेलिया परिवार द्वारा जश्न रिसोर्ट कोरबा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चैथे दिन कथा वाचक पंडित विजय शंकर मेहता ने गजेंद्रमोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम एवं श्रीकृष्ण की बाल सुलभ लीलाओं से लेकर सिंहासन प्राप्ति की कथा सुनाई।

कथा वाचक पंडित मेहता ने कृष्ण-यशोदा का प्रसहन सुनाते हुए भगवान कृष्ण की बाल सुलभ लीलाओं का ऐसा वर्णन किया कि श्रोतागण झूम उठे। उन्होंने कहा कि जब भगवान कृष्ण दोपहर 12.00 बजे अवतार लिए और मां देवकी की कोख से बाहर आए और उनकी गोदी में आए तो यह दृश्य मां के लिए स्वर्ग से कम नहीं होता। जब कृष्ण ने बाल सुलभ लीला की तो मां के जीवन का वह आनंद, जिसे शब्दों में बखान नहीं किया जा सकता, सिर्फ अनुभूति होती है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के एथलीट्स ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर लहराया सफलता का परचम

## राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के एथलीट्स का शानदार प्रदर्शन, रेलवे की समृद्ध खेल परंपरा और मजबूत आधारभूत संरचना की पेश की मिसाल

बिलासपुर ( छ.ग.गौरव )। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे न केवल देश की आर्थिक प्रगति की धुरी है, बल्कि खेल जगत में भी उत्कृष्टता का प्रतीक बन चुका है । यहां के एथलीट्स ने अपने जज़्बे, अनुशासन और मेहनत के बल पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलताएँ अर्जित की हैं । हाल ही में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप, वर्ल्ड कॉन्टिनेंटल मीट, ईरान फज्र इंटरनेशनल चैलेंज, एशियन यूथ बॉक्सिंग और फ्रक्र वूमेन्स बास्केटबॉल जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में स्वर्णिम प्रदर्शन कर भारतीय खेल जगत को गौरवान्वित किया है । वहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी हेप्टाथलॉन, 1500 मीटर दौड़, हैमर थ्रो, बॉक्सिंग और पावरलिफ्टिंग जैसे विभिन्न खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों ने रेलवे की खेल परंपरा को और सुदृढ़ किया है ।

खेल प्रतिभाओं को संवारने और उन्हें नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सदैव अग्रणी रहा है । 1912 में निर्मित बिलासपुर स्थित नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट भवन से लेकर सेक्रसा क्रिकेट ग्राउंड और बॉक्सिंग ग्राउंड तक, रेलवे ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट अधोसंरचना, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएँ और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल प्रदान किया है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी न केवल रेलवे परिवार बल्कि पूरे देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर रोशन कर रहे हैं और भविष्य में भी स्वर्णिम सफलताओं की नई गाथाएँ लिखने के लिए तत्पर हैं।

**हालिया सफलताएँ** –हाल के दिनों में भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। सना माचू ने अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भारत को पदक दिलाया है, जबकि भावना शर्मा का भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम में चयन हुआ और उन्होंने 1 से 13 अगस्त 2025 तक बैंकॉक, थाईलैंड में आयोजित -22 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किए। इन उपलब्धियों से स्पष्ट है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी आने वाले समय में भी देश को नई सफलताओं से आलोकित करेंगे।

**अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय उपलब्धियाँ**–दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। एथलीट पूजा ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत और वर्ल्ड कॉन्टिनेंटल मीट में स्वर्ण पदक जीता। बैडमिंटन खिलाड़ी ईशान भटनागर ने ईरान फज्र इंटरनेशनल चैलेंज में स्वर्ण, मुक्केबाज पूनम ने एशियन यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण, और बास्केटबॉल खिलाड़ी देवयानी गंगवाल ने फ्रक्र वूमेन्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम को स्वर्ण दिलाने में अहम योगदान दिया । राष्ट्रीय स्तर पर भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की खिलाड़ियों ने स्वर्णिम उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पूजा शर्मा ( हेप्टाथलॉन ), रितेश ओहरे ( 1500 मीटर ), रवि ( हैमर थ्रो ), सन्नामाचा चानू ( बॉक्सिंग ) और रेश्मा देवी ( पावरलिफ्टिंग ) ने स्वर्ण पदक हासिल किए । साथ ही मीनू ( हरियाणा टीम ) और छत्तीसगढ़ टीम ने राष्ट्रीय खेलों और बीच हैंडबॉल में स्वर्ण पदक प्राप्त कर रेलवे की उपलब्धियों को और सुदृढ़ किया । इसके अतिरिक्त रेलवे की क्रिकेट, खो-खो, बॉक्सिंग और हैंडबॉल टीमें भी निरंतर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।

**रेलवे की खेल परंपरा और अधोसंरचना**–बिलासपुर स्थित नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट भवन, जो वर्ष 1912 में निर्मित हुआ था, आज भी खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इस भवन और उससे जुड़ी अधोसंरचना में खिलाड़ियों के लिए फुटबॉल, स्विमिंग, हॉकी, बास्केटबॉल, टेनिस और बैडमिंटन जैसी विभिन्न खेल विधाओं का अभ्यास करने की सुविधा उपलब्ध है। इसी प्रकार सेक्रसा क्रिकेट ग्राउंड युवा प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभा रहा है । इसके अतिरिक्त बॉक्सिंग ग्राउंड भी खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय तैयारी और प्रतिस्पर्धात्मक अभ्यास के अवसर प्रदान कर रहा है । इन सभी सुविधाओं ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को खेल जगत में एक विशिष्ट पहचान दिलाई है।

## राशिफल

मेष राशि: मेष राशि वालों के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी नए वाहन को खरीदने की इच्छा पूरी होगी, जिससे घर में उत्साह का माहौल बना रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ बैठकर किसी मुद्दे को सुलझाने में सफल रहेंगें। आज आप अपने बिजनेस में कुछ नए उपकरणों को शामिल करेंगे, तो आपको अच्छा लाभ अवश्य मिलेगा ।

वृषभ राशि: आज का दिन आपके लिए अनुकूल बना रहेगा । आज आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर आपको खुशी होगी । इस राशि के विदेश जाने की इच्छा रख रहे व्यक्तियों को अच्छा मौका मिल सकता है, आपकी फैमली आपको पूरा सपोर्ट करेगी ।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप अपने काम को बेहतर तरीके से पूरा करेंगें, जिससे आपके काम की तारीफ होगी । आज आप थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे, आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज शाम को आप माता जी से भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करेंगे, आपको माता जी का साथ मिलने से खुशी होगी ।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज किसी की मदद से आपके सरकारी कार्य बनेंगें । आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आपके नए व्यक्तियों के साथ सम्पर्क बनेगें, जो आपके व्यापार के लिए लाभदायक साबित होंगें।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप अपने कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार कर सकतें हैं। आज आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। इस राशि के जो छात्र घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। आज आप परिवार के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है 7 आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है, आपके किसी काम से बॉस आपसे खुश रहेंगें। आज आपके कॉलेज का मित्र आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। आज आपके द्वारा किये गए निवेश में आपको अच्छा धन लाभ होगा।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप बिजनेस में अच्छा धन लाभ कमायेंगें, जिससे आपको खुशी मिलेगी7 आज आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आज आप अपने खर्चों को नियंत्रित करें, जिससे आपको धन संचय करने में आसानी रहे। आज आपको किसी व्यक्ति से जीवन का अहम् सबक सीखने को मिलेगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज रोजगार में आपके लिए नए रास्ते खुलेंगें, जिनका लाभ लेकर आप अपनी मंजिल तक पहुँच सकतें हैं। आज ऑफिस में आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगें। आज पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा और अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा रखें।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखेंगें, तो इससे आपके काम जल्दी निपट जायेंगें। आज आप किसी काम को करने में सफल रहेंगें, जिससे आपको तारीफ मिलेगी। आज आप अपनी भावनाओं को कण्ट्रोल में रखें और बेवजह की चीजों में उलझने से बचें।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज पेंडिंग पड़े कार्यों को पूरा करने का दिन है, इसलिए आप दिन भर का शेड्यूल तैयार कर लें। आज आपका मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर किसी कारोबार की शुरुआत कर सकते हैं। आज आपको संतान से खुशखबरी प्राप्त होगी, ये उनके करियर को लेकर भी हो सकती है। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा, लेकिन शाम का समय अपनी फैमिली के साथ बिताएंगी, जिससे आपको खुशी मिलेगी।

मीन राशि: आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज व्यापारिक से दृष्टि आपका दिन अच्छा है, आज आप बड़ा धन लाभ कमायेंगें। सेहत के लिहाज से आज आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। इस राशि के मार्केटिंग से जुड़े व्यक्तियों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के दिए निर्देश

## सांसद महंत ने ली जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



कोरबा( छ.ग.गौरव )। सांसद लोकसभा क्षेत्र कोरबा श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटना रोकने, ओवर स्पीडिंग को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी उपाय अपनाने के निर्देश दिए। बैठक विधायक रामपुर फूलसिंह राठिया, विधायक पाली तुलेश्वर सिंह मरकाम, में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह कंवर, प्रभारी कलेक्टर आशुतोश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर देवेंन्द्र पटेल, संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार, जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा सहित पीडब्ल्यूडी, यातायात विभाग एवं अन्य जनप्रतिनिधि व संयंत्रों के अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद श्रीमती महंत ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए और सड़कों पर दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। सांसद श्रीमती महंत ने दुर्घटनाजन्य स्थानों में गति अवरोधक का निर्माण, सड़क से मवेशियों को हटाने की कार्यवाही, बिना हेलमेट के वाहन चलाने, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट के वाहनों पर कार्यवाही के निर्देश दिए।

बैठक में सांसद श्रीमती महंत को एसपी श्री तिवारी ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, सड़क सुरक्षा से संबंधित किए गए प्रयास व सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में किए गए कार्यो की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में पहल करते हुए सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन करने के निर्देश दिए। एसपी श्री तिवारी ने बताया कि जिले में चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में लोगों को होडिंग बैनर-पोस्टर के माध्यम से सचेत की जा रही है। उन्होंने बताया कि यातायात एवं परिवहन विभाग द्वारा जिले में तीन सवारी, ओवर स्पीडिंग, कानफोडू साइलेंसर का उपयोग, शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के लाइसेंस लगातार निरस्त भी किया जा रहा है। इसी तरह सड़क सुरक्षा सप्ताह के माध्यम से लोगों को जागरूक करने की जानकारी दी। उन्होंने मादक पदार्थों के रोकथाम की दिशा में की जा रही कार्यवाही, चोरी के वाहनों का पता लगाने एप निर्माण, सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी लगाकर अपराधियों को पकड़ने की दिशा में चलाये जा रहे गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में सड़क किनारे कोसना के नाम पर नशायुक्त पदार्थ विक्रय किये जाने की शिकायत सामने आने और कटघोरा-पोड़ी उपरोड़ा के ग्रामीण क्षेत्र में गांजा बिक्री की शिकायत सामने आने पर पुलिस अधीक्षक ने कार्यवाही की बात कही।

# देश की ऊर्जा और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला में अग्रणी भूमिका निभा रहा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

## माल लदान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने मात्र 144 दिनों में किया अब तक की सबसे तेज 100 मिलियन टन माल लदान

बिलासपुर ( छ.ग.गौरव )। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने माल लदान के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। आज 22 अगस्त 2025 को मात्र 144 दिनों में 100 मिलियन टन माल लदान कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अब तक की सबसे तेज़ सेंचुरी बनाई है । वर्ष 2021-22 में यह आँकड़ा 188 दिनों में, वर्ष 2022-23 में 175 दिनों में, वर्ष 2023-24 में 164 दिनों में तथा गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 151 दिनों में पूरा हुआ था । वहीं इस वर्ष केवल 144 दिनों में यह उपलब्धि अर्जित की गई है।

यह उपलब्धि देश की ऊर्जा जरूरतों, कोयला आधारित पावर प्लांट्स, इस्पात उद्योगों तथा विभिन्न कारखानों को सतत और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए हासिल की गई है । इस अवधि में पिछले वर्ष की तुलना में 4.57 मिलियन टन ( 4.79प्रतिशत ) की वृद्धि दर्ज की गई है ।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आज दिनांक 22 अगस्त 2025 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारतीय रेलवे में दूसरे सबसे अधिक प्रारंभिक माल लदान के साथ कुल माल लदान में 15.83प्रतिशत का योगदान दे रहा है ।

पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कोयले के लदान में 5.98प्रतिशत, इस्पात संयंत्रों के लिए कच्चे माल में 12.10प्रतिशत, पिग आयरन और तैयार स्टील में 7.56त्न, सीमेंट में 1.13त्न, खाद्यान्न में 4.78प्रतिशत तथा खनिज तेल में 23.17प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि बीओजी ( बॉटल्ड ऑक्सीजन गैस ) के लदान में 17.58त्न की बढ़ोतरी हुई है ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत रेल मंडलों के प्रदर्शन में, बिलासपुर मंडल ने 4.58प्रतिशत, नागपुर मंडल ने 19.23प्रतिशत और रायपुर मंडल ने 0.24प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है । विशेष रूप से, बिलासपुर मंडल ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 74.25 मिलियन टन प्रारंभिक माल लदान कर भारतीय रेलवे के सभी डिवीजनों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।

माल लदान की इस उपलब्धि के साथ ही, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने गत 28 जुलाई को मात्र 119 दिनों में 10,000 करोड़ का प्रारंभिक माल भाड़ा राजस्व अर्जित किया था, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 7 दिन पहले हासिल हुआ ।

ये दोनों उपलब्धियां यात्री परिवहन सुनिश्चित करने के साथ-साथ अर्जित की गई हैं, जो दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की संतुलित संचालन क्षमता और व्यवस्थागत दक्षता को दर्शाती हैं । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में आधारभूत संरचना के वृहद स्तर पर किए गए विकास कार्यों जैसे लाइन दोहरीकरण, तीसरी/चौथी लाइन निर्माण, विद्युतीकरण और यार्ड सुधार ने इन उपलब्धियों को हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है । कई निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं और कई प्रगति पर हैं, जिनसे यात्री यातायात एवं माल परिवहन दोनों क्षेत्रों को सीधा लाभ मिल रहा है ।

यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने छुट्टियों, त्यौहारों तथा विशेष अवसरों पर स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन भी सुनिश्चित किया है । हाल ही में रथयात्रा पर्व के अवसर पर स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं । इसके अतिरिक्त, श्रावण मास के दौरान श्रावणी स्पेशल ट्रेनें, रक्षाबंधन पर्व पर राखी स्पेशल ट्रेन तथा आगामी तीज उत्सव पर तीज स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है । इसी प्रकार आगामी दुर्गा पूजा पर्व पर भी पूजा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा, ताकि यात्रियों और श्रद्धालुओं को निर्बाध एवं आरामदायक यात्रा का अनुभव मिल सके ।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा सेवाओं को सुलभ बनाने, सेवा गुणवत्ता में सुधार लाने तथा त्वरित निर्णय लेने जैसी पहलें रही हैं । प्रतिस्पर्धी दरों पर सेवा उपलब्ध कराना और सेवा वितरण में सुधार भी इस सफलता का प्रमुख आधार रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भविष्य में भी रेल यात्रियों की सुविधाओं, देश की औद्योगिक आवश्यकताओं की पूर्ति और भारतीय रेल के राजस्व में सतत योगदान हेतु अपने समर्पण और कार्यक्षमता के साथ अग्रसर रहेगा ।



पोस्ट की गई इस तस्वीर में, उत्तराखंड के चमोली जिले में भारी वर्षा के बाद प्रभावित क्षेत्र में खोज और बचाव अभियान के दौरानपुलिस कर्मी और अन्य लोग।




नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर पशु प्रेमी तख्तियाँ लिए हुए। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर के कुत्ता आश्रय स्थलों से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने संबंधी अपने 11 अगस्त के निर्देश में संशोधन किया और कहा कि उठाए गए कुत्तों की नसबंदी की जाए, उनका टीकाकरण किया जाए और उन्हें वापस उसी इलाके में छोड़ दिया जाए।




पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के इंटर्न डॉक्टर अपने स्टाइपेंड में वृद्धि की मांग को लेकर पटना में विरोध प्रदर्शन के दौरान नारे लगाते हुए।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राजद नेता तेजस्वी यादव और इंडिया ब्लॉक के अन्य नेता बिहार के मुंगेर में खानक्काह रहमानी में लोगों के साथ बैठक के दौरान।

# दक्षिणपंथी नेताओं की रिहाई का रास्ता साफ बोलीविया शीर्ष कोर्ट ने न्यायाधीशों को दिए समीक्षा के आदेश

बोलीविया ,29 अगस्त ( एजेंसी )। सुप्रीम कोर्ट ने जजों को आदेश दिया है कि इस बात की समीक्षा करें कि क्या तीनों दक्षिणपंथी नेताओं को बिना किसी मुकदमे के लंबे समय तक जेल में रखा गया था? इस आदेश के बाद बोलीविया के तीन दक्षिणपंथी राजनेता पूर्व अंतरिम नेता जीनिन एनेज, पूर्व गवर्नर लुइस फर्नांडो कैमाचो और उनके पूर्व साथी मार्को एंटोनियो पुमारी की रिहाई हो सकती है। बोलीविया की जेल में बंद तीन दक्षिणपंथी नेताओं की रिहाई का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। बोलीविया सुप्रीम कोर्ट ने जजों को आदेश दिया है कि इस बात की समीक्षा करें कि क्या तीनों दक्षिणपंथी नेताओं को बिना किसी मुकदमे के लंबे समय तक जेल में रखा गया था? बोलीविया के मुख्य न्यायाधीश रोमर सॉसेडो ने न्यायाधीशों को पूर्व राष्ट्रपति इवो मोरालेस को 2019 में पद से हटाने के संकट से उपजे हाई-प्रोफाइल मामलों में पूर्व-परीक्षण हिरासत की अवधि की जांच करने के लिए 24 घंटे का समय दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस आदेश के बाद बोलीविया के तीन दक्षिणपंथी राजनेता पूर्व अंतरिम नेता जीनिन एनेज, पूर्व गवर्नर लुइस फर्नांडो कैमाचो और उनके पूर्व साथी मार्को एंटोनियो पुमारी की रिहाई हो सकती है। 2019 में मोरालेस ने सेना के दबाव में छोड़ा था पद2019 में पूर्व राष्ट्रपति इवो मोरालेस के चुनाव लड़ने के बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। इसके बाद मोरालेस ने सेना के दबाव में पद छोड़ दिया। मोरालेस के बाद कैथोलिक एनेज ने राष्ट्रपति का पद संभाला था। राष्ट्रपति बनने के बाद एनेज ने नागरिक प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों द्वारा क्रूर कार्रवाई की और असहमति को दबाया। इसके चलते हुई हिंसा में 37 लोग मारे गए।2020 में नए चुनावों के एक साल बाद वर्तमान राष्ट्रपति और मोरालेस के उत्तराधिकारी लुइस एर्से ने पूर्व राष्ट्रपति एनेज को आतंकवाद और राजद्रोह के आरोपों में गिरफ्तार किया था। 2022 में एनेज को अपने कर्तव्यों का उल्लंघन करने और



बोलीविया के संविधान का उल्लंघन करने के आरोप में 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। जबकि उन पर कम से कम सात अन्य आपराधिक मामले चल रहे हैं। इसमें प्रदर्शनकारियों की हत्या में उनकी संलिप्तता सहित कई आरोप शामिल हैं।एनेज ने अपनी सजा के खिलाफ अपील की और अन्य आरोपों को चुनौती देते हुए तर्क दिया कि उन पर केवल पूर्व राष्ट्रपतियों के लिए एक विशेष महाभियोग प्रक्रिया के तहत ही मुकदमा चलाया जाना चाहिए। जबकि उन पर एक सामान्य नागरिक की तरह मुकदमा चलाया जा रहा है। इसी तरह से एनेज के करीबी सहयोगी कैमाचो 2022 के अंत में देश के व्यापारिक केंद्र सांता क्रूज में एर्से की सरकार के खिलाफ हड़ताल का नेतृत्व करते हुए गिरफ्तार होने के बाद से ही मुकदमे-पूर्व हिरासत में हैं। उन्हें 2019 में मोरालेस के पुनर्निर्वाचन के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व करने में उनकी भूमिका को लेकर आतंकवाद और विद्रोह के संदेह में हिरासत में लिया गया था। जबकि पुमारी 2020 के चुनावों में एर्से के खिलाफ कैमाचो के साथी थे। पुमारी को भी मोरालेस को सत्ता से हटाने में उनकी संलिप्तता से संबंधित आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। 2021 से उन्हें पूर्व-परीक्षण हिरासत में रखा गया है।बोलिविया में आलोचकों का कहना है कि अदालतें निष्पक्ष मध्यस्थ के बजाय नियंत्रण का राजनीतिक साधन बन गई हैं। जब एनेज सत्ता में आई, तो उन्होंने मोरालेस पर राजद्रोह और आतंकवाद का आरोप लगाया। जबकि इसके लिए कोई सबूत नहीं था। अब जब एर्से सत्ता में आए तो उन्होंने एनेज़, कैमाचो और पुमारी की गिरफ्तारी की निगरानी की। वे भी अपने विरोधियों को निशाना बनाने के लिए अदालतों का इस्तेमाल कर रहे हैं।ऐसे में कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट के मामलों की पुन: जांच करने के अचानक कदम को भी राजनीति से प्रेरित मानते हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एडुआर्डो रोड्रिगेज वेल्ट्जे ने निर्देश जारी करने वाले न्यायाधीश के बारे में कहा कि मेरा मानना है कि वह बदलते राजनीतिक समय के साथ सहानुभूति रखने की कोशिश कर रहे हैं। यह निर्णय सर्वोच्च न्यायालय के प्राधिकार के प्रति लापरवाहीपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार को दर्शाता है।जेल में बंद राजनेताओं की उम्मीदें बढ़ींतीनों विपक्षी नेताओं और उनके कानूनी प्रतिनिधियों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत किया तथा इसे वर्षों तक हिरासत में रहने के बाद स्वतंत्रता की दिशा में पहला संभावित कदम बताया। एनेज ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह कोई जीत नहीं, बल्कि एक मुआवजा है। यह कोई तोहफा नहीं, बल्कि एक अधिकार है। हालांकि देर से ही सही, मुझे यह खुशी और विश्वास के साथ स्वीकार है कि न्याय अब सभी बोलिवियाई लोगों को आशा देता है।कैमाचो के वकील मार्टिन कैमाचो ने बताया कि अदालतें शनिवार से ही मामले की समीक्षा शुरू कर देंगी, जिससे कैमाचो के लिए अपनी स्वतंत्रता वापस पाने का रास्ता खुल जाएगा। मुझे उम्मीद है कि हमें तुरंत जवाब मिलेगा। पुमारी ने सभी सोशल मीडिया पर अपनी पूर्व-परीक्षण हिरासत की आलोचना करते हुए इसे भ्रष्ट न्याय बताया। उन्होंने लिखा कि कुछ न्यायाधीशों, अभियोजकों और वकीलों के कॉर्पोरेट समूह स्वतंत्रता से वंचित लोगों के परिवारों के दर्द से लाभ उठाने के लिए सांठगांठ करते हैं।

# सर्जियो गोर भारत में अमेरिका के नए राजदूत नियुक्त, मस्क ने इन्हें बताया था सांप

वॉशिंगटन ,29 अगस्त ( एजेंसी )। ट्रंप ने भले ही सर्जियो गोर के नाम का एलान कर दिया है, लेकिन अभी गोर को सीनेट की मंजूरी भी लेनी होगी और जब तक उन्हें मंजूरी नहीं मिल जाती, तब तक गोर अपने मौजूदा पद पर बने रहेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने करीबी सर्जियो गोर ( 38 वर्षीय ) को भारत में अमेरिका का नया राजदूत नियुक्ति किया है। सर्जियो गोर अभी व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति निजी कार्यालय के निदेशक पद पर तैनात हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया में गोर को करीबी दोस्त बताया और कहा कि गोर कई वर्षों से मेरे साथ हैं। पोस्ट में ट्रंप ने लिखा कि %मुझे ये बताते हुए खुशी हो रही है कि मैं सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नियुक्त कर रहा हूं।ट्रंप प्रशासन में अधिकारियों की तैनाती में सर्जियो गोर की रही अहम भूमिकाट्रंप ने कहा कि सर्जियो गोर दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के भी विशेष




प्रतिनिधि होंगे। सर्जियो गोर की भारत में राजदूत के रूप में तैनाती ऐसे समय हो रही है, जब टैरिफ के चलते भारत और अमेरिका के संबंधों में थोड़ी खटास महसूस की जा रही है। ट्रंप ने कहा कि गोर और उनकी टीम ने विभिन्न संघीय विभागों और एजेंसियों में करीब 4 हजार अधिकारियों की तैनाती की है और 95 प्रतिशत पद अब भर चुके हैं। ट्रंप ने भले ही सर्जियो गोर के नाम का एलान कर दिया है, लेकिन अभी गोर को सीनेट की मंजूरी भी लेनी होगी और जब तक उन्हें मंजूरी नहीं मिल जाती, तब तक गोर अपने मौजूदा पद पर बने रहेंगे।
एरिक गार्सेटी की जगह लेंगे गोरट्रंप के राष्ट्रपति पद के चुनाव अभियान में भी सर्जियो गोर की भूमिका अहम रही थी और गोर ने ट्रंप का सबसे बड़ा चुनावी अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया था। सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने लिखा कि %दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले हिस्से में, मैं चाहता हूं कि कोई ऐसा हो, जिस पर मैं पूरी तरह से विश्वास कर सकूं और अपने एजेंडा को आगे बढ़ा सकूं ताकि अमेरिका को फिर से महान बनाया जा सके। सर्जियो एक शानदार राजदूत साबित होंगे। उन्हें बधाई।% वहीं सर्जियो गोर ने भी अपनी नई जिम्मेदारी पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह उनकी जिंदगी की अभी तक की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होगी। गोर एरिक गार्सेटी की जगह लेंगे, जिन्होंने मई 2023 से लेकर जनवरी 2025 तक भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में जिम्मेदारी निभाई।एलन मस्क ने बताया था सांपएक समय ट्रंप के करीबी रहे दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क ने सर्जियो गोर को सांप कहा था। दरअसल मस्क के सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख रहते हुए एलन मस्क और सर्जियो गोर में तनातनी की खबरें सामने आईं थी। जून 2025 में एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में सर्जियो गोर को सांप कहकर उनकी आलोचना की थी। मस्क का यह पोस्ट उन मीडिया रिपोर्ट्स के बाद सामने आया था, जिनमें दावा किया गया था कि सर्जियो गोर ने व्हाइट हाउस में तैनाती के बावजूद अभी तक अपना सिक्योरिटी क्लीयरेंस पूरा नहीं किया है। हालांकि व्हाइट हाउस ने बताया कि गोर सिक्योरिटी क्लीयरेंस पूरा कर चुके हैं।

## सीमा पर उत्तर कोरियाई सैनिकों पर गोलीबारी, दक्षिण कोरिया पर लगा तनाव बढ़ाने की कोशिश करने का आरोप

सियोल ,29 अगस्त( एजेंसी )। उत्तर कोरिया का आरोप है कि जब हमारे सैनिक सीमा पर बैरियर लगा रहे थे तो दक्षिण कोरिया के सैनिकों ने गोलियां चलाईं। इस पर दक्षिण कोरिया ने जवाब दिया कि गोलियां इसलिए चलाई गईं क्योंकि उत्तर कोरियाई सैनिक कुछ समय के लिए मध्य सीमा क्षेत्र में सैन्य सीमांकन रेखा को पार कर गए थे।उत्तर और दक्षिण कोरिया की सीमा पर उत्तर कोरियाई सैनिकों पर गोलीबारी हुई। उत्तर कोरिया का आरोप है कि जब हमारे सैनिक सीमा पर बैरियर लगा रहे थे तो दक्षिण कोरिया के सैनिकों ने गोलियां चलाईं। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर तनाव बढ़ाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उत्तर कोरियाई पीपुल्स आर्मी के जनरल स्टाफ के उप प्रमुख को जोंग चोल ने कहा



कि गोलीबारी दक्षिण कोरिया-अमेरिका के ग्रीष्मकालीन सैन्य अभ्यास के साथ हुई है। उत्तर कोरिया की आर्मी के जनरल स्टाफ के उप प्रमुख को ने कहा कि उत्तर कोरियाई सैनिक कोरियाई देशों के बीच क्षेत्र को पूरी तरह से अलग करने के लिए दक्षिणी सीमा को स्थायी रूप से अवरुद्ध कर रहे हैं। इस परियोजना के तहत सीमा पर काम चल रहा है। तभी दक्षिण कोरिया ने एक ऑडियो चेतावनी और चेतावनी गोलीबारी के साथ जवाब दिया। को ने कहा कि उत्तर कोरिया ने आकस्मिक झड़पों को रोकने के लिए 25 जून और 18 जुलाई को सीमा पर कार्य करने की अपनी योजना के बारे में दक्षिण में अमेरिकी सेना को सूचित कर दिया है। दक्षिणी सीमा प्रबंधन और सुरक्षा के लिए जिम्मेदार कमांडिंग अधिकारी के रूप में मैं मांग करता हूं कि दक्षिण कोरिया इस खतरनाक उकसावे को तुरंत रोके। इसका उद्देश्य दक्षिणी सीमा पर किलेबंदी परियोजना को तनाव बढ़ाने का बहाना बनाना है, जो हमारी संप्रभुता की रक्षा के लिए आवश्यक है।

# भारत-चीन सीमा विवाद पर बनी सहमति, चीनी सेना बोली- हम साथ मिलकर शांति स्थापित करेंगे



बीजिंग,29 अगस्त ( एजेंसी )। भारत और चीन ने हाल ही में हुई सीमा वार्ता में 10 सूत्रीय सहमति बनाकर यह संकेत दिया है कि दोनों देश अब सीमा इलाकों में शांति बनाए रखने के लिए गंभीर हैं। चीनी सेना ने गुरुवार को कहा कि भारत और चीन को संयुक्त रूप से सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता की रक्षा करनी चाहिए। यह बयान 19 अगस्त को दिल्ली में हुई 24वीं दौर की सीमा वार्ता के बाद सामने आया।

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच सीमा विवाद पर लंबी चर्चा हुई। इस बातचीत में दोनों पक्षों ने स्पष्ट और रचनात्मक तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग शियाओगांग ने कहा कि वार्ता का माहौल सकारात्मक और रचनात्मक रहा और इसमें कई महत्वपूर्ण सहमतियां बनीं।

वार्ता के बाद दोनों देशों ने सहमति जताई कि सीमा प्रबंधन और नियंत्रण के लिए मौजूदा तंत्र का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके तहत राजनयिक और सैन्य चैनलों को सक्रिय रखने का निर्णय लिया गया। झांग ने कहा कि इस बार की बातचीत के परिणाम बताते हैं कि दोनों देश मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाने और सीमा क्षेत्रों को स्थिर बनाए रखने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

इस वर्ष भारत और चीन के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 साल पूरे हो रहे हैं। चीनी प्रवक्ता ने कहा कि यह अवसर दोनों देशों के रिश्तों को सकारात्मक दिशा में ले जाने का है।

# अमेरिकी टैरिफ की धमकी के बावजूद रूस का बड़ा ऐलान, भारत को कच्चा तेल खरीदने पर मिलेगी 5प्रतिशत की छूट

वाशिंगटन ,29अगस्त ( एजेंसी )। एक तरफ जहां अमेरिका कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारत पर लगातार दबाव बना रहा है और टैरिफ लगाने की धमकी दे रहा है, वहीं दूसरी ओर रूस ने भारत के साथ अपनी दोस्ती निभाते हुए एक बड़ा ऐलान किया है।
रूस ने साफ किया है कि वह भारत को 5 प्रतिशत की छूट पर कच्चे तेल की आपूर्ति जारी रखेगा।यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में अमेरिकी प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी।भारत में रूस के उप-व्यापार प्रतिनिधि, एवगेनी ग्रिवा ने एक बयान में कहा, भारत को रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 5 प्रतिशत की रियायत जारी रहेगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों और अमेरिकी धमकियों के बावजूद, भारत और रूस के बीच तेल का व्यापार लगातार जारी रहेगा।दरअसल, अमेरिका और पश्चिमी देशों का तर्क है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत द्वारा रूस से तेल खरीदना अप्रत्यक्ष रूप से युद्ध में उसकी आर्थिक मदद करने जैसा है। इसी को आधार बनाकर अमेरिका ने भारत पर हाल ही में 25त्न+25त्न का टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जिसका भारत ने कड़ा विरोध किया था।इसके जवाब में भारत का हमेशा से यह स्पष्ट रुख रहा है

## 190 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में महानगर से व्यवसायी गिरफ्तार

कोलकाता । प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने लगभग 190 करोड़ रुपये के एक बड़े बैंक धोखाधड़ी मामले में कोलकाता के व्यवसायी हरीश बाघला को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी जेसोर रोड स्थित उनके आलीशान आवासीय परिसर में रात भर चली छापेमारी के बाद की गई। यह कार्रवाई एक परिष्कृत वित्तीय अपराध नेटवर्क की व्यापक जांच का हिस्सा है।


**साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम पाली के 295.795 हे. की भूमि का अर्जन सीबीए एक्ट (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत् किया गया है जिसमें लागू सी.आई.एल. (आर एंड आर) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा में) Concept के आधार पर 147 भू स्वामियों / आश्रितों की पात्रता बनती है जिसमें 01 भूमि स्वामी / आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधो लिखित तालिकानुसार है :-

| क्र. | स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम / पिता का नाम | खाता नम्बर | खसरा नम्बर | रकबा (एकड़ में) | कुल रकबा (एकड़ में) | उम्मीद्वार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध | भूस्वामियों / नामित उम्मीद्वार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी / उम्मीदवार का नाम | | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीद्वार | |
| 1 | चंदन सिंह वल्द मनोहर सिंह कंवर | 154 | 64, 122, 2 | 0.68, 0.03, 0.11 | 0.82 | अभय कंवर पिता प्रताप सिंह संबंध-पोता | नामांकन पत्र | चन्दन सिंह पिता मनोहर सिंह कंवर फौत वारिसान टिकैतिन बाई सरिता पिता स्व चंदन सिंह, अभय कंवर ऋतु कंवर नाबा किरण पिता प्रताप सिंह सुपेत बाई पति स्व प्रताप सिंह, नाबा चंद्रभान नाबा अर्पिता पिता रामप्रकाश, रजनी बेवा राम प्रकाश | अभय कंवर पिता प्रताप सिंह | खातेदार एवं उम्मीद्वार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों / दस्तावेजों में भिन्न-भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | | सत्यापन | चन्दन सिंह पिता मनोहर सिंह कंवर फौत वारिसान टिकैतिन बाई सरिता पिता स्व चंदन सिंह, अभय कुमार ऋतु कंवर नाबा किरण पिता प्रताप सिंह सुपेत बाई पति स्व प्रताप सिंह, रजनी बेवा राम प्रकाश | अभय कंवर पिता प्रताप सिंह | |
| | | | | | | | घटते क्रम की सूची के अनुसार क्र.सं. 104 | चन्दन सिंह पिता मनोहर सिंह कंवर | | |
| | | | | | | | बी-1 वर्ष 2008-09 | चन्दन सिंह पिता मनोहर सिंह | | |
| | | | | | | | पी-2 वर्ष 2008 से 2013 | चन्दन सिंह पिता मनोहर सिंह | | |
| | | | | | | | ऋण पुस्तिका | चन्दन सिंह पिता मनोहर सिंह | | |
| | | | | | | | वंशवृक्ष | स्व चन्दन सिंह पिता स्व मनोहर सिंह | अभय पिता प्रताप सिंह | |
| | | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | | अभय कंवर पिता प्रताप सिंह | |
| | | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | | अभय कंवर पिता प्रताप सिंह | |
| | | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 10 वीं) | | अभय कंवर पिता प्रताप सिंह | |
| | | | | | | | रोजगार पंजी | | अभय कंवर पिता प्रताप सिंह | |
| | | | | | | | आधार कार्ड | टिकैतिन बाई, सरिता बाई पिता स्व चंदन सिंह, अभय कंवर ऋतु कंवर नाबा किरण पिता प्रताप सिंह, सुपेत बाई पति स्व प्रताप सिंह, रजनी बेवा राम प्रकाश | अभय कंवर पिता प्रताप सिंह | |

उक्त भूस्वामी / नामांकित व्यक्ति (उम्मीद्वार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

SECL/25-26/146

स्टाफ अधिकारी (भू-राजस्व), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

## सम्पादकीय...

# भारत रूस और चीन से बढ़ा रहा संबंध

चूंकि भारत का घरेलू उपभोक्ता बाजार कमजोर है और अन्य देशों में तुरंत बाजार हासिल करना आसान नहीं है, तो कंपनियां उन देशों में जाने पर विचार कर रही हैं, जिन पर लगा टैरिफ भारत से कम है। डॉनल्ड ट्रंप के प्रमुख टैरिफ संबंधी सलाहकार पीटर नवारो ने भारत के खिलाफ जो सख्त बातें कहीं हैं, उनका संकेत है कि निकट भविष्य में अमेरिका से भारत के रिश्ते बेहतर होने की गुंजाइश नहीं है। यानी ट्रंप प्रशासन के टैरिफ की मार भारत को लंबे समय तक झेलनी पड़ सकती है। नवारो ने कहा कि भारत अगर चाहता है कि अमेरिका उससे रणनीतिक सहभागी जैसा व्यवहार करे, तो उसे अपना व्यवहार सुधारना होगा। उसे रूस से तेल खरीदने का अवसरवाद छोड़ना होगा। नवारो ने नाराजगी जताई कि ऐसा करने के बजाय अब भारत रूस और चीन से अपने संबंध और बढ़ा रहा है। मतलब साफ है। अमेरिका की सख्ती जारी रहने वाली है। यही वजह है कि कारोबार जगत में इंडिया+1 का जुमला चल निकला है। इसके पहले चीन+1 की बात चर्चित हुई थी, जब अमेरिकी सरकार ने चीन के खिलाफ व्यापार कार्रवाई शुरू की। तब अमेरिकी कंपनियों ने चीन से किसी अन्य देश में अपने कारखाने ले जाने शुरू किए। उसका कुछ लाभ भारत ने भी उठाया। मगर अब भारत निशाने पर है। तो खबरों के मुताबिक कई कंपनियां अपने कारखाने भारत से बांग्लादेश, कंबोडिया या वियतनाम ले जाने की तैयारी में हैं। गौरतलब है कि भारत में कारखाना उत्पादन का मुख्य लक्ष्य अमेरिकी बाजार रहे हैं। पिछले साल भारत के कुल निर्यात का 18 फीसदी हिस्सा अमेरिका गया था। अब ये बाजार भारतीय उत्पादों के लिए प्रतिकूल होता नजर आ रहा है। विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि चूंकि भारत का घरेलू उपभोक्ता बाजार कमजोर है और अन्य देशों में तुरंत बाजार हासिल करना आसान नहीं है, तो कंपनियां उन देशों में जाने पर विचार कर रही हैं, जिन पर लगा टैरिफ भारत से कम है। इसका असर अभी से भारत के प्रमुख उत्पादन केंद्रों में महसूस किया जाने लगा है। आम राय है कि आने वाले महीने और भी ज्यादा चुनौती भरे होंगे। भारत के लिए यह बुरी खबर है। मगर चीन+1 की जिस पृष्ठभूमि पर भारत के आगे बढ़ने की आस जोड़ी गई थी, उसमें यह जोखिम पहले से मौजूद था। उसे नजरअंदाज करना अब भारी पड़ रहा है।

## सब ऐंवे है! झूठ है, अवसरवाद है।

हरिशंकर व्यास

चाहें तो इसे नरेंद्र मोदी का पुण्य मानें या पाप जो उनके हाथों सभी का अर्थ, सभी की औकात खत्म है! फिर भले संसद हो, लाल किले पर प्रधानमंत्री के भाषण की रस्म हो या राष्ट्रपति-उप राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, कैबिनेट, मुख्यमंत्रियों के चेहरों या आरएसएस जैसे संगठनों, एनजीओ, देश की आर्थिक-विदेश-समारिक नीति का मामला हो या विश्व में भारत के अर्थ का। सब ऐंवे ही हो गए हैं। गुरूवार को संसद का सत्र खत्म हुआ। और सत्र से संसद का क्या मान बना? सोचें, याद करें 2014 में संसद और उसका काम कैसा था और अब क्या है? संसद का अब अर्थ केवल स्थगन, हंगामा है। सत्र महज एक रस्म है। कोई उत्पादकता नहीं। स्पीकर- सभापति की कुर्सी पर ओम बिड़ला हो या जगदीप धनखड़ क्या कोई अर्थवान, प्रतिभावान, अनुकरणीय है?

15 अगस्त की पूर्व संध्या पर राष्टपति द्रौपदी मुर्मू का भाषण पढ़ते चेहरा दिखलाई दिया। सोचें, देश के 140 करोड़ नागरिकों में से कितनों ने सुना, किनमें जोश भरा, कितनों को प्रेरित किया? अगले दिन खुद जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से भाषण दिया तो उससे जोश, प्रेरणा की बात तो छोड़े उसकी कितनी टीआरपी रही होगी? उसमें क्या नई बात थी? इस सत्य की गहराई जाननी हो तो याद करें 2014 के 15 अगस्त के दिन लाल किले पर, नरेंद्र मोदी के चेहरे, वाक्यों, टीआरपी के जोश और 2025 के 15 अगस्त के मोदी के भाषण को!

मोदी ने संघ को महान बताया! दस साल बाद नागपुर से आरएसएस लाल किले पहुंचा। इसलिए क्योंकि मोदी को अब आरएसएस की जरूरत है। पर आरएसएस के जाप से क्या मोहन भागवत एंड पार्टी जोश में आई होगी? क्या यह जमात भरोसा कर सकती है कि मोदी अब भारत को आत्मनिर्भर बना देंगे? मोदी-अमित शाह भाजपा को सत्ता की बेड़ियों से आजाद कर देंगे? संघ और भाजपा को भी ऐंवे ही, एक पुछल्ला बना देने के बाद वे आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर भाजपा, आत्मनिर्भर संघ की मैसेजिंग के संकल्प में काम करेंगे?

लाल किले से आत्मनिर्भर भारत और संघ को नमन वैसा ही छल, वैसा ही रस्मी और दिखावे की नौंटकी है, जिससे अब कुछ भी नहीं सध सकता। इसलिए पते का सत्य केवल एक है और वह यह कि नरेंद्र मोदी ने बतौर प्रधानमंत्री अपने अर्थ को ग्यारह सालों में पूरी तरह गंवाया है न कि बनाया है! स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहले कभी किसी प्रधानमंत्री के साथ नहीं हुआ। हिंदी में धाराप्रवाह भाषण नहीं कर पाते एचडी देवगौड़ा तथा मनमोहन सिंह के लाल किले से भाषण को भी देश, समर्थक और विरोधी समभाव सुनते होते थे। प्रधानमंत्री के भले होने, किसान-देशज होने या समझदार या समभावी होने से मनोभावों में एक आदर, एक सम्मान था। फिर मनमोहन सिंह हों या अटल बिहारी वाजपेयी वे खुद लिख-देख-समझ अपनी बात कहते थे। शायद ही कभी किसी का यह प्रायोजन रहा हो कि लाल किले से झूठ के क्या-क्या नए नैरेटिव गढ़ने हैं। तभी कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों को भाजपा के वाजपेयी हों या आडवाणी तथा वाजपेयी के भाषण को मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी सभी लाल किले जा कर गंभीरता से सुनते थे। मीडिया में भाषण में मीनमेख निकालने व आलोचना की बेबाकी अलग होती थी। उस नाते तब और अब के लाल किले के भाषण का फर्क अपने आप यह बताता है कि नरेंद्र मोदी ने केवल प्रधानमंत्री के पद को ही आभाहीन नहीं बनाया है, बल्कि पाप-पुण्य के निजी खाते में वह दर्ज कराया है, जिसका उन्हें खुद को भान नहीं है। इसलिए लाल किले से विपक्षी नेता नदारद थे और संसद के ताजा सत्र में प्रधानमंत्री के आने पर विपक्ष के खटकने वाला हो हल्ला था तो वह सब यही बताता है कि बतौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और भारत के बाहर कितना कुछ गंवाया है!

# तो हम फ़िलिस्तीन को कैसे याद करेंगे?

श्रुति व्यास

क्या होता है जब कोई राष्ट्र-राज्य मिट जाता है या मिटा दिया जाता हैं? सामान्य जवाब है—कुछ भी नहीं। कुछ दिनों तक जरूर शोर-शराबा, टूटे दिल और एकजुटता के हैशटैग चलेगें। फिर भूलने की बीमारी आ जाती है। गायब होना स्मृति के किसी कोने में दर्ज होता जाता है। सामान्य ज्ञान की किसी एक पुस्तक, एक खंड में सिमट कर रह जाता है। राजनीति में प्रतिक्रिया थोड़ी भारी ज़रूर होती है, लेकिन उतनी ही खोखली। बड़े-बड़े शब्दों में निंदा, और उससे भी बड़े शब्दों में पलटवार। ठंडी, रोशन कमरों में गुनगुनी चाय के बीच प्रस्ताव लिखे जाते हैं, नीतियाँ बहस में फँसी रहती हैं, बयान पढ़े जाते हैं। और फिर—सन्नाटा। जो राज्य मिटा दिया गया, वह इतिहास और इतिहास की किताबों भर मे ही जीवित रहता है।

देश-राज्य सचमुच गायब होते हैं, हो चुके हैं। 1947 से पहले कितने देश, राजा-रजवाडे थे। कईयों को अंग्रेजों ने भी सिर पर बैठा रखा था। ऐसे ही पूरी दुनिया में इतिहास भरा हुआ है। पर राष्ट्र-राज्य कभी गर्जना के साथ, कभी लगभग बिन आवाज़, और कभी पूरी दुनिया की आँखों देखी मिट जात है। इतिहास हमें बताता है कि सरहदें रातों-रात खींची जा सकती हैं, हालांकि उनके परिणाम लंबे, खूनी और स्थायी भी होते हैं। और इस वक्त, एक ऐसा ही मिटाया जाने का मामला हमारी आँखों के सामने घट रहा है।

आज, फ़िलिस्तीन को मिटाए जाने का ख़तरा है। इज़रायल ने एक ऐसी बस्ती योजना को मंजूरी दी है, जो सिर्फ़ कब्ज़े के लिए नहीं बल्कि फ़िलिस्तीनी राज्य की धारणा को ही मिटाने के लिए बनाई गई है। यह है ई1 प्रोजेक्ट, जो पश्चिमी तट (वेस्ट बैंक) को दो हिस्सों में बाँट देगा और उसे पूर्वी यरुशलम से काट देगा। पिछले हफ्ते इसकी घोषणा वित्त मंत्री बेज़ालेल स्मोट्रिच ने की, जो नेतन्याहू की सरकार के कट्टर राष्ट्रवादी धड़े से आते हैं। बुधवार को रक्षा मंत्रालय की योजना समिति ने इस पर अंतिम मुहर लगाई। स्मोट्रिच ने शब्दों के पीछे छिपने की कोशिश भी नहीं की। उनका ऐलान था- फ़िलिस्तीनी राज्य मेज़ से हटा दिया गया है, नारे से नहीं, बल्कि काम से।

जाहिर है यह पुरानी शैली का टैंकों और संधियों वाला अधिग्रहण नहीं है, बल्कि एक सुनियोजित नक़्शा है। सड़कों और बस्तियों को इस तरह खींचना कि ज़मीन बिखर जाए और राज्य पहचान धूमिल और मिट जाए। अगर यह लागू हुआ तो ई1 प्रोजेक्ट पश्चिमी तट को उत्तर और दक्षिण में बाँट देगा, फ़िलिस्तीनी राज्य के फैलाव, निरंतरता मिटेगी और रामल्ला, पूर्वी यरुशलम और बेथलहम के बीच का शहरी गलियारा काट देगा। यह भूगोल के साथ धीमी हिंसा है—मिटाना किसी नाटकीय आघात से नहीं, बल्कि सीमेंट, ज़ोनिंग कानूनों और ज़मीन पर तथ्य गढ़ने से होगा।

राष्ट्र-राज्यों को मिटते हुए हमने पहले भी देखा है। 1950 में जब चीन ने तिब्बत को निगल लिया, दुनिया ने नज़रें फेर लीं। बहुत दूर, बहुत जटिल, बहुत असुविधाजनक। पहाड़ों ने चीख़ों को दबा दिया। दुनिया का सबसे ऊँचा राष्ट्र चीन के एक प्रांत में बदल गया। मठ गोलाबारी में ढह गए, भिक्षु भूमिगत हो गए। जिन लोगों का अपना झंडा, अपनी लिपि, अपनी प्रार्थनाएँ थीं, उनसे कहा गया कि अब वे बस चीनी हैं। दलाई लामा हिमालय पार कर भारत आए। एक पल को लगा, दुनिया जाग उठेगी। लेकिन नहीं, सन्नाटा बना। होनी मान ली। तिब्बत नक्शों से मिटा दिया गया और निर्वासन में ठेल दिया गया। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने उसे खोई हुई लड़ाइयों की श्रेणी में रख दिया। यहाँ तक कि भारत—जिसने दलाई लामा को शरण दी, जहाँ आज भी निर्वासित तिब्बती सरकार है, उसने भी तिब्बत को भुला सा दिया है। हम इसे तभी याद करते हैं जब बीजिंग को चुभाना हो, उसके मक़सद के लिए नहीं।

धर्मशाला में युवा भिक्षुओं के मंत्र, मैक्लॉडगंज में लहराते प्रार्थना झंडे—ये सब उस संघर्ष के अवशेष हैं जिसे भारत ने भुला दिया है। निर्वासन में जन्मे तिब्बतियों के लिए उनका वतन अब सिर्फ़ स्मृति और मिथक है—दादा-दादी की कहानियों में ल्हासा, गीतों में, अनुष्ठानों में जो भूगोल से आगे जीते हैं। बाक़ी दुनिया के लिए तिब्बत एक पर्यटक पोस्टकार्ड है, कोई राजनीतिक घाव नहीं। यही है मिटाए जाने का तरीका- दुनिया एक देश के बिना जीना सीख लेती है, भले ही उसके लोग उसे कभी भूलते नहीं।

इतिहास सिखाता है कि जब राष्ट्र-राज्य गायब होते हैं, दुनिया उसे होनी मान लेती है, रियलिटी में ढल जाती है। व्यापार फिर शुरू होता है, कूटनीति नए हिसाब से चलती है, नक़्शे नए बनते हैं, किताबें फिर लिखी जाती हैं। कुछ बड़ा नहीं होता—सिवाय उनके लिए जो अपना घर खो बैठते हैं। उनके लिए मिटाया जाना अंत नहीं, निर्वासन की शुरुआत है। हाँ, राज्य मिट जाते हैं, लेकिन पूरी तरह नहीं। वे स्मृतियों में, निर्वासन में, प्रवासी समाज में ज़िंदा रहते हैं। वे पहचान गढ़ते हैं, संघर्षों को जीवित रखते हैं, बहुत देर तक—जब दुनिया आगे बढ़ चुकी होती है। तिब्बती झंडे आज भी निर्वासन में लहराते हैं। दक्षिण वियतनाम आज भी प्रवासी मोहल्लों में साँस लेता है।

और इस तरह बात फिर फ़िलिस्तीन पर लौटती है। अगर इज़रायल अपना

ई1 प्रोजेक्ट पूरा कर लेता है—और संभावना यही है कि अमेरिका की सुपरपावर छतरी में यह होगा—तो हम फ़िलिस्तीन को कैसे याद करेंगे? एक वादा की हुई ज़मीन की तरह, अपने लोगों के निर्वासन की तरह, या एक ऐसे ग़ायब नक़्शे की पोस्टकार्ड की तरह? या फिर एक और भूतिया राज्य, जिसे दुनिया ने भूल जाना चुना—पर जिसके लोग कभी नहीं भूले?

(यह लेखक के अपने विचार है)

# क्या चीन कभी भारत का सगा हो सकता है?

हरिशंकर व्यास

हां, गौर करें 2014 से 2025 के बीच अमेरिका, चीन, रूस से पाकिस्तान, बांग्लादेश, मालदीव तक के भारत रिश्तों पर अपनी विदेश नीति का क्या अर्थ बना है? चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग को झूला झुलाने से लेकर नवाज शरीफ के घर जा कर पकौड़े खाने से अबकी बार ट्रंप सरकार के नारे का वह एक सिलसिला, जिससे दुनिया में सिर्फ यह साबित हुआ है कि भारत का कोई अर्थ नहीं है फिर भले भारत का विदेश मंत्रालय दुनिया के देशों से अपने प्रधानमंत्री को चाहे जितने राष्ट्रीय सम्मान दिलाए। भारत तो एक एक्सट्रीम से दूसरे एक्सट्रीम तक झूला झूलने की विदेश नीति में देश के रक्षा-सामरिक हितों तक का भी ध्यान नहीं रखता।

इसी मई में, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, चीन और उसके सेनाधिकारी इस्लामाबाद में बैठ कर पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर को गाइड करते हुए थे। भारत के खिलाफ पाकिस्तानी सेना को चीन लड़ाकू विमान और मिसाइल, सेटेलाइट बैकअप देता हुआ था। दुनिया ने तब देखा और जाना कि चीन और पाकिस्तान किस हद तक एक-दूसरे के सगे हैं। तब रूस भी पाकिस्तान का ही सगा था। भारत के लिए वह नहीं बोला। वह तटस्थ रहा। इसलिए क्योंकि यह अब वैश्विक सत्य है कि चीन उसका आज मालिक है। चीन के दम पर ही राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन से लड़ते हुए हैं।

ये सब बाते आज के स्थायी बेसिक सत्य है। और नरेंद्र मोदी का गॉडफादर किसे माना जा रहा था? डोनाल्ड ट्रंप को। आखिर उनके लिए अमेरिकी चुनाव के समय मोदी ने खुद सभा में नारा लगाया था अबकी बार ट्रंप सरकार। इतना ही नहीं ट्रंप को खुश करने के लिए भारत में उनका रियल एस्टेट कारोबार बनवाया। कहते है ट्रंप की कंपनियों ने बिना दमड़ी लगाए भारत में हजारों करोड़ रुपए कमाए। यह भी सत्य है कि अमेरिका का बाइडेन प्रशासन हो या ट्रंप प्रशासन उसने चीन की डोकलाम आक्रामकता तथा पाकिस्तानी हरकतों के आगे मोदी सरकार को भरपूर मदद व खुफिया जानकारियां दी हैं। शायद अभी भी मिल रही हैं। और मोदी सरकार सार्वजनिक तौर पर भले इनकार करे लेकिन मई में सीजफायर ट्रंप प्रशासन के कारण ही हुआ था! पर मोदी और उनके सलाहकार डोवाल, जयशंकर ने तब भी माना होगा कि मानो ट्रंप भी ऐंवे ही हैं। सो, सीजफायर के बाद ट्रंप का आभार जताने के बजाय भारत ने उन्हें ठेंगा बताया। पाकिस्तान के जनरल मुनीर ने मौका लपका। और वे ट्रंप की गोद (चीन की सौ टका रजामंदी से) में बैठ गए। पाकिस्तान ने ट्रंप को शांति का नोबेल पुरस्कार देने की पैरवी की।

जबकि हिसाब से ट्रंप का मिजाज कैसा है, इसे प्रधानमंत्री मोदी व उनके सलाहकारों को गहराई से समझे होना चाहिए था। लेकिन भारत में जैसे सब ऐंवे है तो मोदी मुगालते में रहे कि ट्रंप क्या कर लेंगे। नतीजतन ट्रंप ने जब भारत को डेड इकोनॉमी घोषित कर टैरिफ लगाए तो मोदी-डोवाल-जयशंकर पर मानों पहाड़ टूट पडा! ध्यान रहे ट्रंप ने कनाडा, मेक्सिको, ब्रिटेन, यूरोप, जापान, दक्षिण कोरिया सभी पर टैरिफ लगाए हैं। सभी पर गाज गिरी है। चीन पर सर्वाधिक। लेकिन ये सभी देश किस तरह ट्रंप प्रशासन को हैंडल करते हुए हैं? जबकि भारत तुरंत एक छोर से दूसरे छोर तक उछलकूद करने वाली लंगूर कूटनीति में दूसरी दिशा में उछल गया! डोवाल दौड़े-दौड़े पहले रूस गए फिर चीन गए तो जयशंकर भी जा पहुंचे। पुतिन ने भारत यात्रा की घोषणा की वही चीन के विदेश मंत्री ने भारत आ कर प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोटोशूट किया। अब प्रधानमंत्री अगले महीने चीन जा कर शी जिनफिंग के साथ फिर झूला झूलेंगे। मतलब ट्रंप-मोदी भाई-भाई नहीं अब आगे शी जिन-मोदी भाई-भाई। लेकिन क्या चीन कभी भारत का सगा हो सकता है? क्या रूस के पुतिन अपने गॉडफादर राष्ट्रपति शी जिनफिंग की रणनीति से अलग पाकिस्तान के खिलाफ भारत के मददगार हो सकते हैं? इस लंगूर कूटनीति से सबसे बड़ी बात चीन और रूस या अमेरिका, यूरोप व जापान, दक्षिण एशिया के पड़ोसियों में भारत का अर्थ क्या बना है या क्या बनता हुआ होगा! मेरा मानना है कि ये सभी देश भी सोचते होंगे ऐंवे ही भारत और ऐंवे ही भारत की विदेश, व्यापार व सामरिक नीति! तभी भारत की नियति चीन और पाकिस्तान के ही घेरे में बंधे रहने की है!

(यह लेखक के अपने विचार है)

## कानूनी समाधान की पहल

केंद्र सरकार अब ऐसे विधेयक ले आई है, जिनके कानून बनने के बाद गंभीर आपराधिक मामलों में जेल जाने की स्थिति में प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्री और राज्यों के मंत्रियों को उनके पद से हटाने का प्रावधान हो जाएगा।

लोकसभा चुनाव से पहले दो मुख्यमंत्री पद पर रहते गिरफ्तार किए गए थे। उनमें से झारखंड के हेमंत सोरेन ने तो इस्तीफा देकर भारत की संवैधानिक व्यवस्था को नैतिक दुविधा से बचा लिया, लेकिन जब बारी अरविंद केजरीवाल की आई, तो उन्होंने भारत की राजनीतिक व्यवस्था में आ रही चरमराहट को उजागर कर देने की रणनीति अपनाई। केजरीवाल ने इस्तीफा नहीं दिया। तब यह अजीबोगरीब स्थिति बनी कि एक मुख्यमंत्री जेल में रहते हुए वहीं से सरकार चलाने का दावा कर रहा था। भारत में आज जो सियासी सूरत है, उसके बीच ऐसी विडंबनाओं की गुंजाइश लगातार बनी हुई है। नियम या कानूनों को जब अत्यधिक खींच दिया जाता है, तो मर्यादाओं का तार-तार होना स्वाभाविक परिणाम होता है।

अब केंद्र ने ऐसी परिस्थितियों के कानूनी समाधान की पहल की है। वह ऐसे विधेयक ले आया है, जिनके कानून बनने के बाद गंभीर आपराधिक मामलों में जेल जाने की स्थिति में प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्री और राज्यों के मंत्रियों को उनके पद से हटाने का प्रावधान हो जाएगा। जेल गए पदाधिकारी की रिहाई के बाद उसे पद पर वापस लाने का प्रावधान भी किया जा रहा है। अगर आज यह धारणा होती कि संवैधानिक व्यवस्था सामान्य ढंग से काम कर रही है और कानून लागू करने वाली एजेंसियां निष्पक्षता से ठोस तथ्यों के आधार पर कदम उठाती हैं, तो प्रस्तावित नए कानून को एक स्वस्थ पहल माना जाता। लेकिन दुर्भाग्य से आज धारणाएं उसके उलट हैं।

प्रचलित धारणा यह है कि कानून लागू करने वाली एजेंसियां राजनेताओं के दल और उनकी राजनीतिक प्रतिबद्धता को देख कर उनके अपराध तय करती हैं। ऐसे में प्रस्तावित कानून पर विपक्षी खेमों में आशंका पैदा होना लाजिमी प्रतिक्रिया माना जाएगा। इस पर केंद्र ने विपक्ष से कोई संवाद नहीं किया है। इस कारण आशंकाओं की गुंजाइश और भी ज्यादा है। इसलिए उचित होगा कि ऐसा कानून लागू करने के पहले केंद्र उस पर सभी पक्षों को भरोसे में ले। इस बारे में आम सहमति बनाए जाने की जरूरत है। वरना, प्रस्तावित कानून को सत्ता के केंद्रीकरण के एक और प्रयास के रूप में देखा जाएगा।

# भारत के डॉग-लवर्स में मातम

श्रुति व्यास

सीधी बात पर आते हैं। भारत के डॉग-लवर्स मातम में हैं। टूटे हुए, बिखरे हुए, जैसे सरकार उनके ड्रॉइंग रूम से 'ब्रूनो' को सोफ़े से उठा ले गई हो। टीवी पर रोना, सड़कों पर जाम, मुख्य न्यायाधीश तक अर्जी — वह भी दो बार, क्योंकि 1.4 अरब की आबादी वाले इस मुल्क में, यही है इमरजेंसी।

उधर असली भारत में — बादाम लट्टे वाले कैफ़े और ट्विटर की दुनिया से बाहर — लोग थोड़ी ज़्यादा गंभीर चीज़ों से जूझ रहे हैं। कोई डेंगू से बच रहा है, कोई मैनहोल से, कोई अपनी जर्जर छत के अगली बारिश में न गिर जाने की दुआ कर रहा है। इस दिवाली ज़रूरी सामान पर जीएसटी 12 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हो जाएगा। लेकिन किसे फ़र्क पड़ता है? जब तक कुत्ते सुरक्षित हैं, देश खून बहा ले।

सो आज सर्वोपरी चिंता है कुत्तों को की!

यहां तक कि बॉलीवुड का पालतू-पागल तबका भी इस आंदोलन में वैसे ही कूद पड़ा है जैसे 'कान्स' फ़ोटो कॉल में कूदता है। दिल्ली का स्कॉच पीता इंटेलिज़ेंसिया, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में बैठकर एप्पल पाई के साथ गुस्से भरे लेख लिख रहा है। यही है अब उनकी लड़ाई। गली का कुत्ता आज भारत का नया नैतिक कम्पास है — बाक़ी कम्पास भले ही चौपट हो चुके हो, एक ऐसे देश में जहां गवर्नेंस मिथक है, क़ानून मज़ाक, और रोज़मर्रा ज़िंदगी बस जुगाड़।

और यह है असली विडंबना: जिन लोगों को गली के कुत्ते उठाए जाने का ग़म खाए जा रहा है, वे आराम से लंदन और न्यूयॉर्क में रहते हैं — जहां सड़कें साफ़ हैं, कुत्ते बंधे, लाइसेंसशुदा और उनके पीछे सफ़ाई अनिवार्य है। वहां कोई नहीं चिल्लाता है कि सड़क पर रहने का अधिकार चाहिए। पश्चिम में नियम पवित्र हैं, जबकि भारत में वह उत्पीड़न। यहां सुप्रीम कोर्ट की आठ हफ़्ते की डेडलाइन प्रलय हो जाती है। सुधार की मांग नहीं, बस पूरे आदेश को रद्द करने का हंगामा। सवाल है टूटी सड़कों पर भटकते कुत्तों को भला कब से संवैधानिक अधिकार, सांस्कृतिक धरोहर या नैतिक श्रेष्ठता का तमगा मिल गया?

साफ़ कर लें — कोर्ट ने यह नहीं कहा कि कुत्तों को मारो। कहा यह था कि सड़कों से हटाओ, शेल्टर में रखो, व्यवस्था बनाओ। लेकिन यह बहुत बड़ी मांग है। आप अराजकता का महिमामंडन करना पसंद करेंगे, लेकिन ज़रा भी नागरिक अनुशासन गले नहीं उतरेगा। और फिर वही रट — भारत तानाशाही में फिसल रहा है, संस्थान ढह रहे हैं, लोकतंत्र मर रहा है, देश रहने लायक नहीं बचा। मगर एक बार तो न्यायपालिका ने आम आदमी की सोची — उस मज़दूर की बच्ची के बारे में जो अकेले घर लौटते वक़्त झुंडों से घिरी होती है, उस ठेले वाले के बारे में जो रोज़ गली के कुत्तों से जूझता है, उस दिहाड़ी मज़दूर के बारे में जो कुत्ते के काटने का इलाज भी नहीं करवा सकता। अदालत ने आँकड़े देखे, ख़तरे तौले और एक ग़लत को सही करने की कोशिश की। लेकिन आपको इससे भी ऐतराज़ है।

और यह घबराहट क्यों? अचानक रेबीज़ महामारी का डर क्यों, अगर कुत्तों को उठाया गया तो? क्या विज्ञान रातोंरात बदल गया? होना तो यह चाहिए कि आप एक मुकम्मल व्यवस्था मांगते — कामयाब शेल्टर, बेदाग़ लागू करने वाला सिस्टम। लेकिन नहीं। सोशल मीडिया पर मैंने एक महिला का वीडियो देखा — आसमान टूट पड़ा हो जैसे, वह हांफते-रोते कह रही थी: अगर वे मेरे बच्चे ले गए तो मैं मर जाऊंगी।

उनके 'बच्चे' गली के कुत्ते थे और अगर वे बच्चे हैं, तो ट्रैफ़िक में भटकते और कूड़े में खाना खोजते क्यों छोड़े गए? एक और क्लिप में कुत्तों को बच्चों की तरह गोद में लेकर नारे लग रहे थे: यह मेरा अधिकार है सड़क पर जीने का! माफ़ कीजिए, सड़क पर जीना किसी का अधिकार नहीं है — न कुत्तों का, न गायों का, न बंदरों का, और न ही इंसानों का। लेकिन हमारी अभिजात्य बिरादरी असली शेल्टर बनाने या नगरपालिका की क्षमता सुधारने से ज़्यादा नैतिक नाटक पसंद करती है। और उससे भी बदतर — वे उस छोटे लड़के पर एक आंसू नहीं बहाते जो साइकिल चलाने निकला और घर लौटकर नहीं आया। गली के कुत्तों के झुंड ने उसे नोच-नोच कर मार डाला। उसका छोटा शरीर उन दांतों से फाड़ा गया जिन्हें देखने तक से आप इंकार करते हैं।

आप — अमीर, वोक, भौकाली, तृप्त — जिनके पास डिग्रियां हैं, अनुभव है, दिमाग़ है। जब कोर्ट अराजकता में थोड़ा सा भी अनुशासन लाने की कोशिश करती है, तो चिल्लाइए मत। दान अभियान कीजिए, नीति सुझाव दीजिए। रोने की कहानियां और ऑनलाइन पेटीशन मत चलाइए। आपको लगता है न्यूयॉर्क टाइम्स आपके साथ खड़ा है। उनके न्यूज़रूम में वे सिर हिला रहे हैं, या शायद हंस रहे हैं। आपने अपने देश कों देश को ही एक व्यंग्य बना दिया है।

मैंने उसी दिन कहा था जब आदेश आया: समस्या कुत्ते नहीं हैं — हम हैं। और वही अब एक्टिविस्ट, आवारा पशुओं के प्रेमी इसे साबित कर दे रहे हैं।

कुछ तो समझदारी दिखाइए। अब बड़े हो जाइए! सडक पर उन मुद्दों पर बाहर निकलिए जो सच में मायने रखते हैं। पहली बार सरकार ने ऐसा क़दम उठाया है जिसमें जनता की भलाई को अभिजात्य संवेदनाओं से ऊपर रखा गया। ताली बजाइए। आपने प्राग की व्यवस्था देखी है, टोक्यो की सफ़ाई पर वाहवाही की है। क्यों न यहां चाहें? क्यों न दिल्ली को बेहतर, मुंबई को सुरक्षित बनाएं — जहां कुत्तों के काटने के मामले सबसे ज़्यादा हैं? हर बार जब उस दिशा में एक छोटा क़दम उठता है, आप ताली बजाने के बजाय मुंह फुलाते हैं, तंज कसते हैं, या फिर टिकट बुक करके विदेश भागते हैं — उसी विफलता से बचने, जिसे सुधारने से आप इंकार करते हैं।

जबकि असख्य असली संकटों में हम-आप और देश है — महंगाई, बेरोज़गारी, जलवायु संकट। लेकिन आप इनके लिए खड़े नहीं होंगे। और अगर सही वक़्त पर सही मुद्दे पर खड़े नहीं हो सकते, तो उस बदलाव की उम्मीद छोड़ दीजिए जिसकी इस देश को ज़रूरत है। आपका नैतिक आक्रोश अब सिर्फ है क्या इंस्टाग्राम रील्स पर कुत्तों के आंसुओं के लिए।

तो सवाल वही — देश जा कहां रहा है?

कहीं नहीं — अगर यही हमारी लड़ाई है। और अगर इस देश का पढ़ा-लिखा तबका सिर्फ़ आवारा कुत्तों के लिए उठ खड़ा हो सकता है, जबकि बाक़ी सबकुछ खुद कुत्तों के हवाले हो चुका है, तो शायद, सचमुच, हमें भी उनके साथ ही जाना चाहिए।

(यह लेखक के अपने विचार है)

# महू में रण संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ, रक्षा मंत्रीहुए शामिल, सीडीएस ने दिलाई महाभारत की याद

इंदौर,29 अगस्त ( एजेंसी )। मध्य प्रदेश के महू में तकनीक का युद्ध पर प्रभाव विषय पर आयोजित दो दिवसीय रण संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ हो चुका है। इस दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि हमें महाभारत काल की तरह शस्त्र और शास्त्र दोनों को साथ लेकर चलना होगा। महान योद्धा अर्जुन ने शस्त्र चलाने में दक्षता हासिल की, लेकिन शास्त्र का ज्ञान भगवान श्रीकृष्ण से प्राप्त किया ।एयर डिफेंस सिस्टम सुदर्शन चक्र देश के लिए ढाल और तलवार की तरह कार्य करेगा। इसके लिए मजबूत ढांचे का विकास करना होगा। हम शांति प्रिय देश हैं, मगर शांति बनाए रखना है तो युद्ध के लिए तैयार रहना होगा। जनरल चौहान ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के महू में तकनीक का युद्ध पर प्रभाव विषय पर आयोजित दो दिवसीय रण संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस संवाद में देश की तीनों सैन्य इकाइयों के 450 से अधिक अधिकारी शामिल हुए। सीडीएस ने कहा कि पिछले दो वर्षों से हम रण संवाद जैसे कार्यक्रम की तैयारी कर रहे थे, ताकि अपनी सेनाओं को पुनः आकार दे सकें। उन्होंने ऋग्वेद का उदाहरण देते कहा कि हर दिशा से आने वाली जानकारी और सुझावों का




विश्लेषण आवश्यक है। सबसे बड़े अर्थशास्त्री कौटिल्य के अनुसार, युद्ध जीतने के लिए शक्ति, उत्साह और युक्ति की आवश्यकता होती है। हमें भविष्य के युद्धों के स्वरूप को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और एकीकृत लाजिस्टिक्स आगामी युद्धों में सफलता की कुंजी है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने हमें भविष्य के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी। युद्ध में तकनीकी मजबूती आवश्यक है, जिसमें एआई, साइबर, क्वांटम और इलेक्ट्रानिक वारफेयर का समावेश होना चाहिए। युद्ध में तकनीकी मजबूती की रेस में सभी देश दौड़ लगा रहे हैं। जीतेगा वही, जो सबसे अधिक आधुनिक होगा। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में आस्ट्रेलिया, इजिप्ट व अन्य देशों के प्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे हैं। प्रेट्र के अनुसार, भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मंगलवार को थिएटराइजेशन योजना को जल्दबाजी में लागू करने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने दिल्ली में शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ एक संयुक्त योजना और समन्वय केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा ताकि तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित किया जा सके।

एयर चीफ मार्शल ने स्पष्ट किया कि भारत को अन्य देशों के मॉडल से प्रभावित होकर थिएटर कमांड्स लागू नहीं करने चाहिए। हमें अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सोचना चाहिए। आर्मी वार कालेज में एक चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा ढांचे को बाधित करना उचित नहीं होगा ।एयर चीफ मार्शल ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए वायु सेना की शक्ति को भी रेखांकित किया। उन्होंने आपेरशन में सीडीएस जनरल अनिल चौहान की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि उन्होंने और तीनों सेवा प्रमुखों ने मिलकर योजना बनाई और ऑपरेशन को सफलतापूर्वक लागू किया।

## इंडोनेशिया में दो पुरुषों को सरेआम मारे गए 80 कोड़े, दोनों पर एक दूसरे से गले मिलने और चुंबन का लगा आरोप

इंडोनेशिया,29 अगस्त( एजेंसी )। इंडोनेशिया के बांदा आचे प्रांत में एक दूसरे को चुंबन लेने वाले दो पुरुषों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे गए। शरिया अदालत ने उन्हें इसके लिए इस्लामी कानून का उल्लंघन करने का दोषी ठहराया। मंगलवार को बांदा आचे के बुस्तानुस्सलातिन शहर के पार्क में एक मंच पर लगभग 100 लोगों ने कोड़े मारे। यहां समलैंगिक यौन संबंध बनाने वालों के लिए 100 कोड़े मारने की सजा है। आचे में जुआ खेलने, शराब पीने, तंग कपड़े पहनने वाली महिलाओं और शुक्रवार की नमाज में शामिल न होने वाले पुरुषों के लिए भी कोड़े मारने की सजा है।अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार, उसने दोनों व्यक्तियों को 80-80 कोड़े मारने की सजा सुनाई, क्योंकि इस्लामी धार्मिक पुलिस ने कहा था कि उन्हें एक सार्वजनिक पार्क के बाथरूम में गले मिलने और चुंबन लेने जैसी गतिविधियों में संलिप्त पाया था।

## दक्षिण अफ्रीका के गुप्ता बंधुओं पर ईडी का एक्शन, देहरादून सहित पांच शहरों के ठिकानों पर की ताबड़तोड़ छापेमारी

देहरादून। दक्षिण अफ्रीका की जैकब जुमा सरकार में वर्ष 2018 में भ्रष्टाचार से भूचाल लाने वाले गुप्ता बंधु ( अतुल, राजेश और अजय ) पर करीब सात साल बाद भारत में भी कार्रवाई की तलवार लटक गई है ।तब भले ही जैकब जुमा की सरकार चली गई थी और गुप्ता बंधु किसी तरह भारत भाग आए थे, लेकिन म्यूचुअल लीगल असिस्टेंट रिक्वेस्ट ( एमएलएआर ) के तहत दक्षिण अफ्रीक सरकार के आग्रह पर प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने शिकंजा कस दिया है ।मंगलवार को ईडी ने देहरादून, सहारनपुर, मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद समेत देश में विभिन्न स्थानों पर गुप्ता बंधु और उनसे जुड़े व्यक्तियों के ठिकानों पर छापेमारी की। देर रात तक जारी




छापेमारी में बड़ी संख्या में दस्तावेज कब्जे में लिए गए। ईडी के सूत्रों के अनुसार, गुप्ता बंधुओं पर दक्षिण अफ्रीक के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा के साथ मिलकर सरकारी खजाने को 45 अरब रैंड ( दक्षिण अफ्रीका मुद्रा ) का नुकसान पहुंचाने का आरोप है ।इस मामले में उनके साथ वर्ल्ड विंडो ग्रुप के संचालक पीयूष गोयल का नाम भी जुड़ा है। गुप्ता बंधु और गोयल ने दुबई की जेजे ट्रेडिंग एफजेडई नाम की एक शेल ( फर्जी ) कंपनी के माध्यम से मनी लांड्रिंग की। यह कंपनी अहमदाबाद के राम रतन जगाती की बताई जाती है।

## यूपी के इस जिले में अपराधियों की खैर नहीं! 3.96 करोड़ की लागत से बनेगा साइबर थाना, भूमि आवंटित

बस्ती,29 अगस्त ( एजेंसी )। साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई के उद्देश्य से जनपद में अब एक अत्याधुनिक साइबर थाना की स्थापना किया जाना है। इसके लिए 3.96 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट ( डीपीआर ) तैयार कर ली गई है। इसके साथ ही थाना निर्माण के लिए भूमि भी जिला प्रशासन ने आवंटित कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक की देखरेख में परियोजना को शीघ्र अमलीजामा पहनाने की दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगले कुछ महीनों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा ।साइबर थाना केवल जांच का ही केंद्र नहीं होगा, बल्कि यहां पर आम जनता के लिए साइबर जागरूकता शिविर भी समय-समय पर



आयोजित किए जाएंगे। स्कूल, कालेज, और व्यापारिक संगठनों को भी इससे जोड़ा जाएगा ताकि साइबर अपराधों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाई जा सके ।लंबे समय से साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को लेकर स्थानीय स्तर पर एक अलग इकाई की मांग की जा रही थी। अब साइबर थाने की स्थापना से उम्मीद है कि साइबर अपराधों पर नियंत्रण लगेगा और जनता को त्वरित न्याय मिलेगा। इस साइबर थाने में अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए एक विशेष तकनीकी टीम तैनात की जाएगी, जो आनलाइन ठगी, सोशल मीडिया अपराध, बैंक फ्राड, हैकिंग, फर्जी वेबसाइट, ई-कामर्स धोखाधड़ी जैसी घटनाओं की तत्काल जांच कर सकेगी। थाने में एक विशेष फारेंसिक लैब, डिजिटल सर्विलांस सिस्टम, और डेटा एनालिटिक्स यूनिट भी स्थापित किए जाने की योजना है। जिला प्रशासन 0. 210 हेक्टेयर भूमि कृषि विज्ञान केंद्र के बगल में कोइलपुरा गांव में साइबर थाना के लिए भूमि आवंटित हो गई है। जनपद में साइबर थाने की स्थापना से इन मामलों की जांच में गति आएगी और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई संभव होगी। डीपीआर को स्वीकृति मिलते ही निर्माण एजेंसी को जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी ।कोशिश है कि वर्ष 2026 की छमाही तक थाना पूरी तरह से चालू हो जाए। साइबर अपराध आज के समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है।

# बंधकों को छुड़ाने के लिए इजरायल में उग्र प्रदर्शन

लोद ( इजरायल ),29 अगस्त ( एजेंसी )। हमास के कब्जे से बंधकों को छुड़ाने के लिए इजरायल में प्रदर्शन कर रहे लोगों का सब्र जवाब देने लगा है। प्रदर्शन के दौरान लोग उग्र हो गए। उन्होंने टायर जलाए, हाईवे जाम कर दिए और युद्ध विराम के पक्ष में नारेबाजी की। लोगों का गुस्सा इजरायल की उस योजना को लेकर है, जिसमें हमास को कुचलने के लिए गाजा में आक्रामक कार्रवाई की बात कही जा रही है। वहीं इजरायल के ताजा हमले में गाजा में 16 नागरिकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू सिक्योरिटी कैबिनेट की बैठक लेनेवाले हैं, लेकिन ये स्पष्ट नहीं हो सका है कि वे युद्ध विराम प्रयासों पर चर्चा करेंगे या नहीं। उन्होंने कहा है कि युद्ध विराम के पहलुओं पर काम करते हुए इजरायल गाजा सिटी पर हमलों का विस्तार करेगा। हालांकि प्रस्तावों को अंतिम रूप देकर वार्ताकारों के पास चर्चा के लिए भेजना अभी बाकी है। नेतन्याहू ने कहा है कि हमास को तोड़ने और बंधकों की वापसी के लिए आक्रामकता ही सर्वश्रेष्ठ उपाय है, लेकिन बंधकों के स्वजन और उनके समर्थक इसे पीछे धकेल रहे हैं। लोगों का कहना है कि बातचीत के जरिये समाधान निकाला जा सकता है और बंधकों को वापस सुरक्षित लाया जा सकता है। उनको ये भी उम्मीद है कि लगातार दबाव बनाकर नेतन्याहू को युद्ध विराम पर बातचीत के लिए तैयार किया जा सकता है। हमास ने 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमला करते हुए 251 इजरायली नागरिकों को बंधक बना लिया था। युद्ध विराम के दौरान बड़ी संख्या में लोग छोड़े जा चुके हैं। इजरायल अब तक केवल आठ बंधकों को हमास के कब्जे से छुड़ा पाया है।

लगभग 50 बंधक गाजा में हो सकते हैं, जबकि उनमें से 20 को जीवित माना जा रहा है ।इजरायली हमले में पांच पत्रकारों की मौत की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हमास के एक कैमरे को निशाना बनाने में पत्रकार हमले की रेंज में आ गए और मारे गए। हमले का निर्णय कैसे लिया गया, इस पर जांच के आदेश दिए गए हैं ।गौरतलब है कि सोमवार को गाजा के दक्षिण में नासेर अस्पताल पर हुए हमले में पांच पत्रकारों समेत 20 लोग मारे गए थे। इजरायली सेना ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि सैनिकों ने प्रभावित क्षेत्र में एक कैमरा देखा था ।सैनिकों को आभास हुआ कि ये आतंकी संगठन हमास के लगाए कैमरे हैं, जो इजरायली सैनिकों की निगरानी के लिए लगाए गए हैं। उस खतरे को दूर करने के लिए हमला किया गया और कैमरे को निष्क्रिय कर दिया गया ।इजरायल अब तक केवल आठ बंधकों को हमास के कब्जे से छुड़ा पाया है। लगभग 50 बंधक गाजा में हो सकते हैं, जबकि उनमें से 20 को जीवित माना जा रहा है।

## नोटिफिकेशन जारी, पीएममोदी ने दिया आत्मनिर्भरता पर जोर

नई दिल्ली,29 अगसत ( एजेंसी )। अमेरिकी सरकार ने भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्कों को लागू ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ( डीएचएस ) ने नए शुल्कों की एक अधिसूचना अपलोड की। वहीं, भारत सरकार अर्थव्यवस्था की निर्यात पर निर्भरता कम करने के लिए %स्वदेशी% मंत्र पर जोर दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीयों से 卐वोकल फॉर लोकल卐 बनने और भारतीय सामान खरीदने का आह्वान किया ।इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, अतिरिक्त टैरिफ के कारण लागत प्रतिस्पर्धा में गिरावट के कारण तिरुपुर, नोएडा और सूरत के कपड़ा और परिधान निर्माताओं ने उत्पादन रोक दिया है ।अमेरिकी टैरिफ के कारण भारतीय निर्यातक अमेरिका के साथ अपने व्यापार में भारी गिरावट के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। शुरुआती अनुमानों के अनुसार, 47 अरब डॉलर से ज्यादा मूल्य के उत्पादों पर 50 टैरिफ दर लागू होगी।

# पंजाब डूब रहा है, सीएम तामिलनाडू में नाश्ता कर रहे हैं

चंडीगढ़,29 अगस्त ( एजेंसी )। पहले लैंड पूलिंग, फिर मनीष सिसोदिया के बयान और अब मुख्यमंत्री की तामिलनाडू यात्रा को लेकर विपक्ष ने भगवंत मान को घेरा है। पंजाब के अधिकांश जिले इस समय बाढ़ की चपेट में है और पहाड़ों और मैदानों पर हो रही भारी बारिश के कारण तीनों डैमों से पानी छोड़ा जा रहा है जिस कारण अधिकांश जिलों में नदियां तटों को तोड़कर खेतों में घुस गई हैं। मात्र एक महीने बाद पकने वाली धान की फसल पूरी तरह से उसकी चपेट में आ चुकी है जहां पानी खेतों में घुस गया है। कई इलाकों में यह गांव में घरों आदि में भी घुस गया है ।दूसरी ओर , मुख्यमंत्री के तामिलनाडू में होने को लेकर विपक्ष ने उनकी तीखी आलोचना की है। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर




सिंह राजा वडिंग ने कहा कि अपने बाढ़ प्रभावित राज्य को उसकी किस्मत हाल पर छोड़कर दक्षिण में तमिलनाडु के चेन्नई में स्कूली बच्चों के लिए नाश्ते की योजना का उद्घाटन कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि पंजाब में भारी बाढ़ के कारण उत्पन्न आपातकालीन स्थिति को देखते हुए, मुख्यमंत्री के लिए व्यक्तिगत रूप से स्थिति की निगरानी करना आवश्यक है ।उन्होंने कहा कि भारी बारिश की चेतावनी के बीच कोई तैयारी न करके आप सरकार ने पंजाब के लोगों को पूरी तरह से विफल कर दिया है ।उन्होंने कहा कि बाढ़ ने पूरे पंजाब में, खासकर सतलुज और ब्यास नदी के किनारे के इलाकों में, आशंका से कहीं ज़्यादा तबाही मचानी शुरू कर दी है। यह राजनीति करने का समय नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सरकार और उसके द्वारा संचालित प्रशासन को जवाबदेह नहीं ठहराया जाना चाहिए। शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने इस बात पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान लोगों की दुख और परेशानी से बेखबर हैं और ऐसे समय में अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने में व्यस्त हैं जब राज्य के लोग बाढ़ के पानी से जूझ रहे हैं ।उन्होंने इस कार्रवाई को शर्मनाक और घृणित करार देते हुए आम आदमी पार्टी सरकार से बाढ़ प्रभावितों को तत्काल अंतरिम मुआवजा जारी करने और समय पर राहत प्रदान करने की भी मांग की है ।मात्र एक महीने बाद पकने वाली धान की फसल पूरी तरह से उसकी चपेट में आ चुकी है जहां पानी खेतों में घुस गया है। कई इलाकों में यह गांव में घरों आदि में भी घुस गया है ।दूसरी ओर , मुख्यमंत्री के तामिलनाडू में होने को लेकर विपक्ष ने उनकी तीखी आलोचना की है। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने कहा कि अपने बाढ़ प्रभावित राज्य को उसकी किस्मत हाल पर छोड़कर दक्षिण में तमिलनाडु के चेन्नई में स्कूली बच्चों के लिए नाश्ते की योजना का उद्घाटन कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि पंजाब में भारी बाढ़ के कारण उत्पन्न आपातकालीन स्थिति को देखते हुए, मुख्यमंत्री के लिए व्यक्तिगत रूप से स्थिति की निगरानी करना आवश्यक है ।उन्होंने कहा कि भारी बारिश की चेतावनी के बीच कोई तैयारी न करके आप सरकार ने पंजाब के लोगों को पूरी तरह से विफल कर दिया है ।उन्होंने कहा कि बाढ़ ने पूरे पंजाब में, खासकर सतलुज और ब्यास नदी के किनारे के इलाकों में, आशंका से कहीं ज़्यादा तबाही मचानी शुरू कर दी है। यह राजनीति करने का समय नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सरकार और उसके द्वारा संचालित प्रशासन को जवाबदेह नहीं ठहराया जाना चाहिए।



तिरुवनंतपुरम में ओणम त्यौहार से पहले आयोजित समारोह के एक भाग के रूप में राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राएं रस्साकस्सी प्रतियोगिता में भाग लेती हुई।

# प्रेमिका को इंस्टाग्राम पर मैसेज कर रहा था एक लड़का, प्रेमी ने कर दी पीट-पीटकर हत्या

पालघर, 29 अगस्त [ एजेंसी ]। महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां इंस्टाग्राम पर महिला को मैसेज भेजने के आरोप में उसके प्रेमी और उसके साथियों द्वारा कथित तौर पर हमला किए जाने के बाद 24 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, हत्या के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस घटना का का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है। इस वीडियो ने नालासोपारा ( पूर्व ) इलाके में आक्रोश और तनाव पैदा कर



दिया है। वहीं इस जगह पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। मृतक की पहचान मोरेगांव निवासी प्रतीक वाघे के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि यह जानलेवा हमला रविवार रात करीब 11.30 बजे मोरेगांव झील के पास हुआ, जब महिला के प्रेमी, भूषण पाटिल ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर वाघे का कथित तौर पर सामना किया और उस पर हमला किया ।तुलिंज पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतक द्वारा इंस्टाग्राम पर एक युवती को भेजे गए एक मैसेज को लेकर विवाद हुआ था। बदले में, युवती के प्रेमी और उसके दोस्तों ने कथित तौर पर मृतक पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि यह हमला अचानक नहीं हुआ था, बल्कि पहले से योजनाबद्ध लग रहा था। आरोपियों ने सड़क पर हुई इस हिंसक घटना का वीडियो भी बनाया था। अधिकारी ने बताया कि वीडियो में दिख रहा है कि समूह पीड़ित की बेरहमी से पिटाई कर रहा है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वाघे को अस्पताल ले जाया गया, जहाँ सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई ।उन्होंने बताया कि पुलिस ने हत्या के सिलसिले में महिला के प्रेमी पाटिल समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों पर हत्या और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। वे फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं और घटनाओं के सटीक क्रम और प्रत्येक व्यक्ति की संलिप्तता का पता लगाने के लिए उनसे आगे की पूछताछ जारी है ।उन्होंने बताया कि यह हमला अचानक नहीं हुआ था, बल्कि पहले से योजनाबद्ध लग रहा था।

## साइकिल चलाकर विधानसभा सत्र पहुंचे कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, युवाओं को दिया खास संदेश



यमुनानगर,29 अगसत ( एजेंसी )। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण द्वारा की गई पहल पर साइकिल चलाते हुए हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र में पहुंचे। यह साइकिल यात्रा नशा विरोधी जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से की गई ।कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा स्वयं साइकिल चलाकर विधानसभा की कार्रवाई में पहुंचे। इस पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मैं इस प्रेरणादायक पहल का हार्दिक स्वागत करता हूं और हरियाणा के युवाओं से आह्वान करता हूं कि वे नशे से दूर रहें और पर्यावरण की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए संदेश में कहा कि सभी नागरिक नशे से सदा दूर रहें व सभी नागरिक मिलकर पर्यावरण का संरक्षण करें। इस पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मैं इस प्रेरणादायक पहल का भूमिका निभाएं।

# साधारण वाद विवाद पर चला टंगिया, उतारा मौत के घाट

दुर्ग,29 अगस्त ( एजेंसी )। ईंट भट्ठा चंगोरी के मुंशी किशन लाल साहू की उसी भट्ठे में काम करने वाले तीन मजदूरों ने की हत्या। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त टंगिया, कपड़े, शराब की बोतल जप्त। एक नाबालिग सहित तीनों आरोपी गिरफ्तार भेजे गये न्यायिक रिमांड पर मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पुलिस चौकी अंजोरा थाना पुलगांव जिला-दुर्ग में दिनांक 26/08/2025 को थाना दुर्ग से मृतक किशन लाल साहू ईंट भट्ठा चगोरी का गिरकर सिर में चोट लगने से उपचार दौरान मृत्यु होने से थाना दुर्ग में शून्य मर्ग पंजीबद्ध कर अग्रिम जांच कार्यवाही हेतु थाना पुलगांव को प्राप्त होने पर नंबरी पश्चात् मर्ग जांच प्रारंभ की गई। मर्ग जांच पर पाया गया कि दिनांक 24/08/2025 के रात्रि करीब 20/30 बजे घटना स्थल शिवलाल चकधारी का ईंट भट्ठा लेबर क्वार्टर आफिस के पीछे ग्राम चंगोरी जिला-दुर्ग में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मृतक किशन लाल साहू को हांथ मुक्का एवं धारदार किसी वस्तु से सिर एवं शरीर में प्राण घातक हमला कर शरीर में गंभीर चोटे पहुंचाये जिनकी ईलाज के दौरान दिनांक 25/08/2025 को सुबह 05/18 बजे शासकीय अस्पताल दुर्ग में मृत्यु होना तथा अज्ञात आरोपी के द्वारा धारा 103 बीएनएस का अपराध घटित करना पाये जाने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी पता तलास दौरान घटना के समय मृतक के सांथ रहे काशीराम चौहान धनसाय साहू तथा एक विधिविरुद्ध संघर्षरत बालक से घटना के संबंध में बारीकी से पूछताछ किया गया। आरोपीगण द्वारा मृतक को पुरानी रंजिशवश हांथ मुक्के से मारपीट कर टंगिया से सिंर में प्राणघातक चोंट पहुंचाना स्वीकार किये। हत्या की घटना को हादसा बताने का प्रयास कर गुमराह करना बताये जाने से तीनों का पृथक-पृथक मेमोरंडम कथन लिया गया। जिसमें बताया गया कि उक्त ईंट भट्ठे में रहकर मजदूरी का कार्य करते थे जो एक ही क्वार्टर में रहकर एक साथ खाते पीते थे जिसे देखकर भट्ठा के मुंशी मृतक किशन लाल साहू पूर्व में इन लोगों के रोज खाने पीने को लेकर लड़ाई झगड़ा गाली गुफ्तार किया जाना बताया गया। घटना दिनांक 24/08/2025 के रात्रि करीब 08/30 बजे ये तीनों शिवलाल ईंट भट्ठा चंगोरी अपने क्वार्टर ( रूम ) के बाहर बरामदे में बैठकर शराब पी रहे थे उसी समय मुंशी किशन लाल साहू द्वारा पुराने वादविवाद को लेकर झगड़ने लगा वाद-विवाद बढ़ने पर तीनों आरोपीगण मुंशी किशन लाल साहू के बार-बार के वाद-विवाद को खत्म करने के लिये उसे जान से मारने की सोंचकर आरोपी धनसाय व एक विधिविरुद्ध संघर्षरत बालक जो कि मुंगी किशन लाल साहू को हांथ मुक्के से मारपीट कर उसे पकड़े थे और आरोपी काशीराम चौहान वहीं रूम के पास रखे टंगिया से मुंशी किशन लाल साहू के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया जिससे वह वहीं गिर गया और खून से लतफ्त हो जाने से तीनों डरकर इस घटना को एक हादसे का रूप देने की योजना बनाकर संगठित होकर योजनाबद्ध तरीके से योजना अनुसार आरोपी काशीराम चौहान द्वारा अपने भट्ठा मालिक सुभाष चक्रधारी को मुंशी किशन लाल साहू के मोबाईल से फोन कर बताये कि ये चारों साथ में क्वार्टर ( रूम ) में शराब पीकर हंसी मजाक कर रहे थे इसी बीच किशन लाल साहू मजाक से विधिविरूद्ध संघर्षरत बालक को दौड़ा रहे थे कि दौड़ते समय अचानक किशन नाल साहू कमरे के गेट के पास रखे टंगिया में गिर गया जिससे उनके सिर में चोंट लग गई है बताने पर भट्ठा मालिक सुभाष चकधारी अपने कार से मृतक को उपचार के लिये जिला अस्पताल दुर्ग ले गये जहां उपचार दौरान दिनांक 25/08/2025 को मृत्यु हो गई।

आरोपी काशीराम चौहान से सख्ती से पूछताछ करने पर शराब की बाटल घटना में प्रयुक्त टंगिया को भट्ठे के पास खेत के मेढ़ किनारे में फेंक देना तथा मुंशी किशन लाल साहू को मारते समय इनके टी-शर्ट में खून लग जाने से उसे क्वार्टर में छुपाकर दूसरा शर्ट पहन लेना बताने पर आरोपी के निशादेही पर उपरोक्त वस्तुओं को जप्त किया गया है। व आरोपी धनसाय साहू से घटना के समय पहने हाफपैंठ तथा अंडरवियर जिसमें मृतक का खून लगा को जप्त किया गया है। प्रकरण के आरोपी काशीराम चौहान, धनसाय साहू को विधिविरूद्ध संघर्षरत बालक के साथ धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से गिरफ्तार कर परिजनों/अभिभावक को गिरफ्तारी की सूचना दी गई है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी अंजोरा सउनि संतोष कुमार साहू व उनकी टीम तथा एसीसीयू की टीम की अहम भूमिका रही।



## फर्जी मार्कशीट के जरिए नौकरी पाने वाली 4 महिलाएं गिरफ्तार :

## 8वीं की अंकसूची अटैच कर बनीं थीं आंगनबाड़ी-सहायिका, कलेक्टर ने जांच टीम भी बनाई थी

बलरामपुर,29 अगस्त ( एजेंसी )। बलरामपुर में फर्जी मार्कशीट के जरिए आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी पाने वाले 4 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को शंकरगढ़ थाना पुलिस ने चोरों की गिरफ्तारी की गई है।

दरअसल, एकीकृत बाल विकास परियोजना, कुसमी के प्रभारी परियोजना अधिकारी ने 2024-25 में हुई भर्ती में गड़बड़ी की शिकायत की थी। जिसके बाद कलेक्टर ने मामले में जांच टीम गठित की। जांच टीम ने पाया कि बेहराटोली जार्गिम, कटहरपारा महुआडीह, धाजापाठ कोठली और डूमरपानी बेलकोना में चयनित सहायिकाओं ने कक्षा आठवीं की फर्जी अंकसूची के आधार पर नौकरी हासिल की। इन्हें किया गया गिरफ्तार

गिरफ्तार महिलाओं में अरमाना ( 29 ), रिजवाना ( 33 ), प्रियंका यादव ( 27 ) और सुशीला सिंह ( 26 ) शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318( 2 ), 318( 4 ), 338, 336( 3 ), 340( 2 ) और 61( 2 ) के तहत मामला दर्ज किया है। चारों आरोपी महिलाओं को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## वाड्रफनगर का कुख्यात बदमाश गिरफ्तार: गुटखा मांगने पर युवक को पीटा और धमकाया, 10 मामलों में है आरोपी

बलरामपुर ,29 अगस्त ( एजेंसी ) ।बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर पुलिस ने जिला बदर आरोपी मयंक यादव ( 28 ) को गिरफ्तार किया है। मयंक पर 15 अगस्त की रात करीब 11 बजे प्रदीप कुमार देवांगन ( 33 ) से मारपीट करने का आरोप है।घटना के अनुसार, प्रदीप ने मयंक से गुटखा मांगा था। इस पर मयंक ने गाली-गलौज करते हुए प्रदीप के साथ मारपीट की। उसने लोहे के कड़े से प्रदीप को चोट पहुंचाई। पुलिस में शिकायत करने की बात पर मयंक ने जान से मारने




की धमकी दी।10 दिन बाद गिरफ्तारप्रदीप की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 155/25 के तहत मामला दर्ज किया। पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वाड्रफनगर में इलाज के लिए भेजा गया। डॉक्टरों ने चोट शार्प ऑब्जेक्ट से लगना बताया। घटना के बाद से फरार चल रहे मयंक को 25 अगस्त को बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया।मयंक पर पहले से 10 केस हैं दर्ज पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल किया और वारदात में इस्तेमाल किया गया लोहे का कड़ा पुलिस को सौंप दिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रामानुजगंज जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार मयंक के खिलाफ पहले से ही 10 अन्य मामले दर्ज हैं, जो अभी न्यायालय में विचाराधीन हैं।

# हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं, गरीब आदमी का माखौल

दुर्ग,29अगस्त ( एजेंसी )। यदि हेलमेट न पहना हो तो पेट्रोल नही मिलेगा। यह आदेश जारी किया है दुर्ग कलेक्टर ने। भले ही शहर की ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो, सड़क चलने के काबिल न रहे, हालांकि शहर के भीतरी मार्गो पर आप 10 या 20 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड पर चलो, मगर सिर पर हेलमेट जरूरी है। यह अफसरशाही का ताजा नमूना है। सुविधा दे नही सकते, पर ठीकरा जरूर फोड़ सकते हैं। आज शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भले चरमरा गई हो, सड़क पर बेतरतीब गड्ढे बन आये हो, पर उसकी फिकर करने इन अधिकारियों के पास समय नही। सबका खामियाजा आम आदमी को ही भुगतना है। जिला प्रशासन ने एक कड़ा निर्देश जारी कर सभी पेट्रोल पंप संचालकों को चेताया है कि वाहनों में पेट्रोल तभी डाला जाए जब चालक हेलमेट पहने हुए हो। बेशक सड़क यातायात सुरक्षा के लिए हेलमेट जरूरी है। मगर इसके बहाने दूसरे चीजो को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मजबूर आदमी की मजबूरी का माखौल कब तक उड़ाया जाएगा, यह समझ से परे है।आज शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भले चरमरा गई हो, सड़क पर बेतरतीब गड्ढे बन आये हो, पर उसकी फिकर करने इन अधिकारियों के पास समय नही। सबका खामियाजा आम आदमी को ही भुगतना है। जिला प्रशासन ने एक कड़ा निर्देश जारी कर सभी पेट्रोल पंप संचालकों को चेताया है कि वाहनों में पेट्रोल तभी डाला जाए जब चालक हेलमेट पहने हुए हो। बेशक सड़क यातायात सुरक्षा के लिए हेलमेट जरूरी है। मगर इसके बहाने दूसरे चीजो को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मजबूर आदमी की मजबूरी का माखौल कब तक उड़ाया जाएगा, यह समझ से परे है।

## घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा पार

रायपुर, 29 अगस्त ( एजेंसी )। भरत नगर गुढ़ियारी में घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी खेमलाल साहू 24 वर्ष भरत नगर गुढ़ियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी ई-रिक्शाा क्रमांक सीजी 04 क्यूबी 3361 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए ई-रिक्शा की कीमत करीब 1 लाख 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## दुकान के गल्ले से नकदी रकम पार

रायपुर, 29 अगस्त ( एजेंसी )। सीटी सेंटर मॉल के पीछे दुकान के काउण्टर से अज्ञात चोर ने 1 लाख 30 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश गुरूनानी 55 वर्ष कवितानगर खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी का सीटी सेंटर मॉल के पीछे दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने उसके दुकान के काउंटर से 1 लाख 30 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## टैंकर की टक्कर से युवक की मौत

रायपुर, 29 अगस्त ( एजेंसी )। सेजबहार चौक के पास टैंकर की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मामले में मुजगहन पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक उत्तम पटेल 35 वर्ष आरके ढाबा निमोरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक पैदल सेजबहार चौक के पास जा रहा था, तभी टैंकर क्रमांक जीजे 06 बीवी3474 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मृतक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं टैंकर चालक को हिरासत में लिया है।

## सूने मकान से हजारों रुपए के जेवर पार

रायपुर, 29 अगस्त ( एजेंसी )। सत्यम विहार कालोनी रायपुरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया निशा ठाकुर 28 वर्ष सत्यम विहार कालोनी रायपुरा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सूने मकान से नकदी सहित हजारों रुपए के जेवर पार

रायपुर, 29 अगस्त ( एजेंसी )। ऑफिसर कालोनी धरमपुरा स्थित सूने मकान से अज्ञात चोर ने नकदी 30 हजार सहित बाइक और अन्य सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ललित कुमार सिंह 36 वर्ष ऑफिसर कालोनी धरमपुरा का रहने वाला है।

प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 30 हजार, 1 नग टुल्लू पंप और पोर्च में खड़ी बाइक पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, दो पहिए पटरी से उतरे, जांच जारी

रायपुर, 29 अगस्त ( एजेंसी )। रायपुर रेलवे स्टेशन के समीप एक मालगाड़ी के दो पहिए पटरी से उतर जाने की घटना सामने आई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह हादसा उरकुरा से आरएसडी की ओर जाने वाली रेल लाइन पर हुआ। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और स्थिति का जायजा ले रहे हैं। हालांकि इस दुर्घटना में किसी तरह की जनहानि या बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन रेल यातायात प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। रेलवे प्रशासन ने ट्रैक की जांच शुरू कर दी है और तकनीकी टीम घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। फ्लिहाल एहतियातन प्रभावित रूट पर ट्रेनों की आवाजाही को रोका गया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## पंडरिया में मारपीट और गाली-गलौज करने वाले तीन आरोपी पुलिस की त्वरित कार्रवाई में गिरफ्तार

पंडरिया, 29 अगस्त ( एजेंसी )। दिनांक 24/08/2025 को प्रार्थी अरुण चंद्रसेन पिता सूरज शरण चंद्रसेन, निवासी वार्ड क्रमांक 4, महामाया चौक, पंडरिया द्वारा थाना पंडरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दोपहर लगभग 14:30 बजे वह अपने मित्र नवीन यादव के साथ सरकारी अस्पताल जा रहा था। इसी दौरान पंडरिया बांधा तालाब स्थित शिव मंदिर के पास सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार सूरज ने उसकी मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी। घटना के बाद सूरज ने अपने साथियों कुणाल और छोटा के साथ मिलकर प्रार्थी के साथ अश्लील गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी तथा मारपीट की।रिपोर्ट प्राप्त होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हेतु आदेश जारी किए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पटेल के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री भूपत सिंह धनेश्री के निर्देशन तथा थाना प्रभारी नितिन कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई।

गठित टीम द्वारा सतत प्रयास करते हुए दिनांक 26/08/2025 को आरोपियों सूरज, कुणाल एवं छोटा को गिरफ्तार कर थाना लाया गया तथा उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।आरोपियों की गिरफ्तारी एवं कार्रवाई में प्रधान आरक्षक श्रवण चंद्रवंशी, प्रधान आरक्षक राजेश्वर केसरिया, आरक्षक द्वारिका चंद्रवंशी, आरक्षक अभिषेक शर्मा, आरक्षक आकाश भोई एवं आरक्षक राजाराम जयसवाल का विशेष योगदान रहा।

## छत्तीसगढ़ में एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल नौवें दिन भी जारी

दुर्ग, 29 अगस्त ( एजेंसी )। छत्तीसगढ़ प्रदेश के 16,000 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ( एनएचएम ) कर्मचारी अपनी नियमितीकरण की मांग को लेकर नौवें दिन भी हड़ताल पर डटे रहे। मंगलवार, 26 अगस्त 2025 को प्रदेशभर में महिला कर्मचारियों ने भी तीज पर्व पर निर्जला व्रत रखते हुए आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई। कई कर्मचारी अपने छोटे बच्चों को लेकर भी धरना स्थल पर पहुंचे। हड़ताल की वजह से प्रदेश की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई हैं। इनमें एचआरएमआईएस, आरसीएच, एचआरपी, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा, प्रसव सेवा, यूविन एंट्री, आईएचआईपी ऑनलाइन एंट्री, एनसीडी प्रोग्राम, डेटा एंट्री कार्य, टीबी एवं टीकाकरण सेवाएं, बाल रोग निदान केंद्र, श्रवण जांच केंद्र, कुपोषित शिशु आहार केंद्र, हमर क्लिनिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उपस्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। एनएचएम कर्मचारियों का कहना है कि संविदा पदों पर काम करने वालों को नियमित किया जाए ताकि उन्हें प्रताड़ना और असमानता से बचाया जा सके। उनका आरोप है कि रेगुलर स्टाफको अधिक सुविधाएं और छुट्टियां मिलती हैं, जबकि संविदा कर्मचारियों से अधिक काम लेकर भी उन्हें समान सम्मान नहीं दिया जाता। यहां तक कि राष्ट्रीय पर्वों पर भी उन्हें सम्मानित नहीं किया जाता। इधर, कुछ महिला कर्मचारियों ने तीज पर्व के अवसर पर हाथों में मेहंदी रचाकर हड़ताल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं, एनएचएम प्रबंध निदेशक ने स्वास्थ्य विभाग से हड़ताल पर गए कर्मचारियों और अधिकारियों की संख्या की जानकारी मांगी है। एनएचएम कर्मचारी संघ ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी 10 सूत्रीय मांगें पूरी नहीं होतीं, वे हड़ताल खत्म नहीं करेंगे।



## अवैध खाद ले जा रहे 2 पिकअप वाहन जब्तरामचंद्रपुर में बिना दस्तावेज 100 बोरी यूरिया पकड़ी गई, कई दुकानों पर कार्रवाई

बलरामपुर ,29 अगसत( एजेंसी ) छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में अवैध खाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। रामचंद्रपुर के ग्राम टिकीदीरी में दो पिकअप वाहनों से 100 बोरी अवैध यूरिया खाद जब्त की गई। हर वाहन में 50-50 बोरी खाद थी।एसडीएम रामानुजगंज आनंद नेताम के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। चालकों के पास वैध दस्तावेज नहीं मिले। वाहनों को खाद समेत थाना रामचंद्रपुर के सुपुर्द कर दिया गया है। रामचंद्रपुर के नारायण कृषि सेवा केंद्र में निर्धारित उर्वरक मूल्य सूची नहीं लगी मिली। इस पर केंद्र संचालक को नोटिस जारी किया गया है।निर्धारित दर पर ही खाद बेचने के निर्देशबलरामपुर विकासखंड में कृषि विभाग की टीम ने निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। पास मशीन में दर्ज और वास्तविक स्टॉक में अंतर मिलने पर नोटिस जारी किए गए। दुकानदारों को निर्धारित दर पर ही खाद बेचने के निर्देश दिए गए।वाड्रफनगर में अजय ट्रेडर्स और पटेल फर्टिलाइजर सहित कई दुकानों की जांच की गई। अजय ट्रेडर्स में अनियमितता मिलने पर विक्रय पर रोक लगा दी गई।कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देश पर जिले में अवैध खाद भंडारण और कालाबाजारी पर लगातार कार्रवाई जारी है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अनियमितता या अधिक कीमत पर बिक्री की शिकायत मिलने पर लाइसेंस निलंबन और एफआईआर तक की कार्रवाई की जाएगी।

## बेटे ने की मां की नृशंस हत्या, कुनकुरी में दिल दहला देने वाली घटना

जशपुर, 29 अगस्त ( एजेंसी )। जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक बेटे ने अपनी ही मां की कुल्हाड़ी से वार कर निर्मम हत्या कर दी। इस घटना के बाद, पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।पुलिस के अनुसार, आरोपी जीत राम यादव ने अपनी मां गुला बाई पर कुल्हाड़ी से कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया।पुलिस का कहना है कि आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही है। जब पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुंची, तो वह हत्या स्थल पर बैठकर गाना गा रहा था, जिससे उसकी दिमागी हालत पर संदेह गहराता है।पुलिस ने बताया कि फ्लिहाल वे सभी संभावित पहलुओं से जांच कर रहे हैं। हत्या के पीछे के सही कारण का पता लगने के बाद, जल्द ही एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी की जाएगी।

## नदी में फंसे युवक का रेस्क्यू

जगदलपुर, 29 अगस्त ( एजेंसी )। बाढ़ग्रस्त इंद्रावती नदी के बीच में फंसे से बीजापुर जिले का आदिवासी युवक कृष्णा जुर्री बाढ़ में घंटों फंसा हुआ था। विधायक विक्रम शाह मंडावी खबर मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे और युवक को सुरक्षित निकाले जाने तक नदी किनारे ही डटे रहे। बीजापुर से पहुंचे होमगार्ड के जवानों ने बोट की मदद से युवक का का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। विधायक विक्रम मंडावी सहित प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद रहा।

## शब्द सामर्थ्य -054

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 053 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

# भारत कभी नहीं जीतेगा, पूर्व चयनकर्ता की बात सुनकर खौल उठेगा खून, चौंकाने वाला दावा किया



नई दिल्ली ,29 अगस्त (एजेंसी)। एशिया कप की शुरुआत नौ सितंबर से होगी जबकि फाइनल मैच 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में 15 सदस्यीय टीम का एलान किया था। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में यह टीम इस टूर्नामेंट में उतरेगी। वहीं, शुभमन गिल भी यह टूर्नामेंट खेलते दिखेंगे। उन्हें उपकप्तान बनाया गया है। पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता कृष्णमाचारी श्रीकांत ने टी20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने एशिया कप से पहले भारतीय टीम की चयन नीति पर सवाल खड़े किए हैं। उनका मानना है कि मौजूदा टीम एशिया कप तो जीत सकती है, लेकिन इसी स्क्वॉड के साथ भारत का 2026 टी20 विश्व कप जीतना मुश्किल है।

एशिया कप के लिए भारतीय टीम के चयन पर उठाए सवाल एशिया कप की शुरुआत नौ सितंबर से होगी जबकि फाइनल मैच 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में 15 सदस्यीय टीम का एलान किया था। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में यह टीम इस टूर्नामेंट में उतरेगी। वहीं, शुभमन गिल भी यह टूर्नामेंट खेलते दिखेंगे। उन्हें उपकप्तान बनाया गया है। भारतीय टीम में चार विशेषज्ञ बल्लेबाज हैं, जबकि चार ऑलराउंडर्स हैं। जितेश और सैमसन के रूप में दो विकेटकीपर बल्लेबाज हैं, जबकि तीन विशेषज्ञ पेसर और दो विशेषज्ञ स्पिनर्स हैं। अगले साल टी20 विश्व कप होना है। उससे पहले टीम इंडिया लगभग 20 टी20 मैच खेलेगी। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, %हम एशिया कप इस टीम के साथ जीत सकते हैं, लेकिन विश्व कप? कोई चांस नहीं। क्या आप इसी टीम को वर्ल्ड कप में ले जाना चाहते हैं? विश्व कप के लिए तैयारी कहां है, जबकि टूर्नामेंट सिर्फ छह महीने दूर है।रिंकू, शिवम और हर्षित के चयन से नाखुश श्रीकांत

टीम में सबसे बड़ी चर्चा शुभमन गिल की उपकप्तान के रूप में वापसी को लेकर है। गिल ने जुलाई 2024 में श्रीलंका के खिलाफ आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। अब उन्हें सूर्यकुमार यादव का डिप्टी बनाया गया है।वहीं, इंग्लैंड सीरीज में उपकप्तान रहे अक्षर पटेल को इस जिम्मेदारी से हटा दिया गया है। श्रीकांत इस फैसले से सहमत नहीं दिखे। चयनकर्ताओं ने रिंकू सिंह, शिवम दुबे और हर्षित राणा को जगह दी है, जबकि श्रीकांत इन चुनावों से खुश नहीं हैं। रिंकू ने आईपीएल 2025 में सिर्फ 206 रन बनाए थे, वहीं शिवम दुबे ने 357 रन जरूर बनाए लेकिन उनके प्रदर्शन को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने अभी तक सिर्फ एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला है। उन्हें पर्पल कैप विजेता प्रसिद्ध कृष्णा पर तरजीह दी गई है। श्रीकांत के मुताबिक, खिलाड़ियों का चयन हालिया प्रदर्शन पर नहीं बल्कि पुराने आंकड़ों पर किया गया है। उन्होंने कहा, %वे पीछे चले गए हैं। अक्षर पटेल को उपकप्तानी से हटा दिया गया है। मुझे नहीं पता कि रिंकू सिंह, शिवम दुबे और हर्षित राणा कैसे टीम में आ गए। आईपीएल को चयन का मुख्य मानदंड माना जाता है, लेकिन लगता है चयनकर्ताओं ने उससे पहले के प्रदर्शन पर विचार किया है। पांचवें स्थान पर कौन करेगा बल्लेबाजी?इस दौरान पूर्व चयनकर्ता ने यह भी पूछा कि टीम में आखिरकार नंबर पांच पर कौन बल्लेबाजी करेगा। उनके मुताबिक, इस स्थान के लिए संजू सैमसन, जितेश शर्मा, शिवम दुबे या रिंकू सिंह को आजमाना होगा। सामान्य तौर पर यह जिम्मेदारी हार्दिक पांड्या निभाते हैं, लेकिन अक्षर पटेल के बाद बल्लेबाजी करने पर टीम की गहराई पर असर पड़ सकता है। उन्होंने आगे कहा, %पांचवें नंबर पर कौन बल्लेबाजी करेगा? पांचवें नंबर पर संजू सैमसन, जितेश शर्मा, शिवम दुबे या रिंकू सिंह में से कोई एक होना चाहिए। हार्दिक पांड्या आमतौर पर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, इसलिए अब अक्षर छठे नंबर पर नहीं आ सकते। मुझे समझ नहीं आ रहा कि उन्होंने दुबे को कैसे चुना। यशस्वी जायसवाल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वो क्या करते हैं?% श्रीकांत ने साथ ही यशस्वी जायसवाल को बाहर रखने पर भी नाराजगी जताई और कहा कि उन्हें दुबे की जगह टीम में जगह मिलनी चाहिए थी।

# आईपीएल से संन्यास के बाद इस विदेशी लीग में खेलते नजर आ सकते हैं अश्विन, रिपोर्ट में खुलासा




नई दिल्ली,29 अगस्त (एजेंसी)। अश्विन को इंग्लैंड की फ्रेंचाइजी लीग द हंड्रेड में खेलते देखा जा सकता है। बता दें कि, अश्विन आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते थे। आईपीएल 2025 की नीलामी में फ्रेंचाइजी ने उन्हें 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल से संन्यास का एलान कर सभी को चौंका दिया। अब खबर आ रही है कि दिग्गज खिलाड़ी को इंग्लैंड की फ्रेंचाइजी लीग द हंड्रेड में खेलते देखा जा सकता है। बता दें कि, अश्विन आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते थे। आईपीएल 2025 की नीलामी में फ्रेंचाइजी ने उन्हें 9.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नियमों के अनुसार, कोई भी सक्रिय भारतीय घरेलू खिलाड़ी विदेशी टी20 लीग में हिस्सा नहीं ले सकता। लेकिन आईपीएल से हटने के बाद खिलाड़ियों के लिए रास्ता खुल जाता है। हाल ही में दिनेश कार्तिक ने भी आईपीएल से संन्यास लेने के बाद दक्षिण अफ्रीका की एसए20 लीग में खेला था। टेलीग्राफ स्पोर्ट के अनुसार, अश्विन द हंड्रेड में खेलते नजर आ सकते हैं।अश्विन ने सोशल मीडिया पर दी संन्यास की जानकारीअश्विन ने ट्वीट में लिखा, आज एक खास दिन है और इसलिए एक खास शुरुआत भी। कहा जाता है कि हर अंत एक नई शुरुआत लेकर आता है। मेरा समय बतौर आईपीएल क्रिकेटर आज समाप्त हो रहा है, लेकिन दुनिया भर की अलग-अलग लीगों में खेल के नए अनुभवों का मेरा सफर आज से शुरू हो रहा है। मैं सभी फ्रेंचाइजियों का धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे बेहतरीन यादें और रिश्ते दिए। सबसे अहम तौर पर मैं आईपीएल और बीसीसीआई का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अब तक मुझे इतना कुछ दिया। आगे आने वाले समय का पूरा आनंद लेने और उसका सबसे अच्छा उपयोग करने के लिए उत्साहित हूं।अश्विन का आईपीएल करियरअश्विन आईपीएल में सीएसके के अलावा राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम का हिस्सा रहे। वह पंजाब टीम की कमान भी संभाल चुके हैं। अश्विन ने आईपीएल में 220 मैचों में 187 विकेट लिए। उनका इकोनॉमी रेट 7.2 का रहा। 34 रन देकर चार विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। इसके अलावा उन्होंने 118.16 के स्ट्राइक रेट से 833 रन भी बनाए।

# गजानन के स्वागत में झूमे भारतीय खिलाड़ी, गूंजा गणपति बप्पा मोरया

नई दिल्ली,29 अगस्त (एजेंसी)। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर लोग घरों में गजानन की स्थापना कर रहे हैं और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। भारतीय खिलाड़ी भी पीछे नहीं हैं। बुधवार को अनिल कुंबले, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत जैसे दिग्गजों ने गणपति की स्थापना के साथ-साथ प्रशंसकों को बधाई दी। आज पूरे देश में ऋद्धि-सिद्धि के दाता गणेश जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गणेश चतुर्थी के पावन





अवसर पर लोग घरों में गजानन की स्थापना कर रहे हैं और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। भारतीय खिलाड़ी भी पीछे नहीं हैं। बुधवार को अनिल कुंबले, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत जैसे दिग्गजों ने गणपति की स्थापना के साथ-साथ प्रशंसकों को बधाई दी।गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर लोग घरों में गजानन की स्थापना कर रहे हैं और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। भारतीय खिलाड़ी भी पीछे नहीं हैं। बुधवार को अनिल कुंबले, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत जैसे दिग्गजों ने गणपति की स्थापना के साथ-साथ प्रशंसकों को बधाई दी। आज पूरे देश में ऋद्धि-सिद्धि के दाता गणेश जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर लोग घरों में गजानन की स्थापना कर रहे हैं और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। भारतीय खिलाड़ी भी पीछे नहीं हैं। बुधवार को अनिल कुंबले, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत जैसे बधाई दी।

## व्यापार



### सात साल में 40प्रतिशत पहुंची महिलाओं में रोजगार दर; देश में महिला कार्यबल भागीदारी दर में वृद्धि

नई दिल्ली,29 अगस्त( एजेंसी )। भारत में महिला कार्यबल भागीदारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। बेरोजगारी दर में बदलाव ग्रामीण भारत में और भी महत्वपूर्ण है। यहां महिला रोजगार में 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में शहरी क्षेत्रों में रोजगार 43 फीसदी बढ़ा है। महिला स्नातकों की रोजगार क्षमता भी 2013 के 42 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 47.53 प्रतिशत हो गई है।देश में महिलाओं की रोजगार दर सात वर्षों में लगभग दोगुनी होकर 2023-24 में 40.3 फीसदी हो गई है। 2017-18 में यह 22 फीसदी थी। श्रम मंत्रालय ने कहा, इसी अवधि में बेरोजगारी दर 5.6 से घटकर 3.2 फीसदी हो गई। 2047 तक विकसित भारत का विजन प्राप्त करने के लिए प्रमुख स्तंभों में से एक देश में 70 प्रतिशत महिला कार्यबल भागीदारी सुनिश्चित करना है।मंत्रालय ने सोमवार को बयान में कहा, भारत में महिला कार्यबल भागीदारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। बेरोजगारी दर में बदलाव ग्रामीण भारत में और भी महत्वपूर्ण है। यहां महिला रोजगार में 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में शहरी क्षेत्रों में रोजगार 43 फीसदी बढ़ा है। महिला स्नातकों की रोजगार क्षमता भी 2013 के 42 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 47.53 प्रतिशत हो गई है। स्नातकोत्तर शिक्षा और उससे ऊपर की शिक्षा प्राप्त महिलाओं में रोजगार दर 2017-18 के 34.5 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 40 फीसदी हो गई है।पिछले सात वर्षों में 1.56 करोड़ महिलाएं औपचारिक कार्यबल में शामिल हुई हैं। अगस्त तक ई-श्रम ने 16.69 करोड़ से अधिक महिला असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण दर्ज किया है। इससे उन्हें सरकार की विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं तक पहुंच प्राप्त हुई है। सरकार के प्रयास महिला उद्यमियों के विकास में योगदान दे रहे हैं। 15 मंत्रालयों की 70 केंद्रीय योजनाएं और 400 से अधिक राज्य स्तरीय योजनाएं महिला उद्यमिता को समर्थन देने पर केंद्रित हैं।

### फिनटेक स्टार्टअप कीवी को मिला 210 करोड़ रुपये का नया निवेश

बेंगलुरु,29 अगस्त ( एजेंसी )। बेंगलुरु स्थित फिनटेक स्टार्टअप कीवी ने अपने सीरीज- बी फंडिंग राउंड में 2.4 करोड़ डॉलर ( लगभग 210 करोड़ रुपये ) सफलतापूर्वक जुटाए हैं। कंपनी ने कहा कि यह निवेश उसकी अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है और इससे उसके व्यवसाय को नई गति और मजबूती मिलेगी। कीवी, बेंगलुरु स्थित यह स्टार्टअप रुपे क्रेडिट कार्ड के जरिए यूजर्स को सुरक्षित और आसान तरीके से यूपीआई पर क्रेडिट सुविधा उपलब्ध कराती है।इस फंडिंग राउंड का नेतृत्व वर्टेक्स वेंचर्स साउथ ईस्ट एशिया एंड इंडिया ने किया। इसके अलावा, नेक्सस वेंचर पार्टनर्स, स्टेलारिस वेंचर पार्टनर्स और ओमिडयार नेटवर्क ने भी इसमें भाग लिया। इन निवेशकों ने कीवी के बिजनेस मॉडल और भारत में बढ़ती डिजिटल भुगतान की संभावनाओं पर भरोसा जताया

# कंपनियां बढ़ा रही हैं पॉलिसी का न्यूनतम मूल्य, ज्यादा प्रीमियम भरने को रहें तैयार

बिजनेस डेस्क,29 अगस्त ( एजेंसी ) देश में जीवन बीमा कंपनियां अपना मार्जिन बढ़ाने और पॉलिसी लैप्स रोकने के लिए न्यूनतम प्रीमियम सीमा बढ़ा रही हैं। इससे छोटी और सस्ती पॉलिसियां धीरे-धीरे बंद हो सकती हैं। एलआईसी, एचडीएफसी लाइफ और एसबीआई लाइफ जैसी कंपनियों की इस रणनीति से बीमाधारकों को ज्यादा प्रीमियम चुकाना पड़ सकता है।देश में आने वाले समय में छोटी-सस्ती जीवन बीमा पॉलिसियां बंद हो सकती हैं।?इसका खामियाजा जीवन बीमाधारकों को भुगतना पड़ सकता है और उन्हें ज्यादा प्रीमियम भरने के लिएतैयार रहना चाहिए।

दरअसल, अपना मार्जिन बढ़ाने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम ( एलआईसी ), एचडीएफसी लाइफ और एसबीआई लाइफ समेत तमाम कंपनियां जीवन बीमा पॉलिसियों का न्यूनतम एवं औसत मूल्य बढ़ा रही हैं।?कंपनियां यह कदम बीमा पॉलिसी की निरंतरता में सुधार लाने और पॉलिसी लैप्स होने की आशंका को कम करने के लिए उठा रही हैं।?इसका मतलब है कि पॉलिसीधारक अपनी बीमा पॉलिसी को मैच्योरिटी से पहले बंद नहीं करेगा।इसका असर यह होगा कि बाजार से छोटी और सस्ती जीवन बीमा पॉलिसियां धीरे-धीरे बाहर हो जाएंगी और ज्यादा प्रीमियम वाली पॉलिसियों का चलन शुरू हो जाएगा।? बीमा कंपनियों का कहना है कि कम मूल्य वाली पॉलिसियों के जल्द बंद होने की आशंका अधिक रहती है। पॉलिसी का आकार बड़ा होने से ग्राहक उसे आसानी से नहीं तोड़ेंगे और चलाते रखेंगे। इससे कंपनियों का मार्जिन भी बेहतर



होगा।वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में एलआईसी की पॉलिसी का औसत मूल्य आकार एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 23 फीसदी बढ़ गया है। कंपनी ने अपने बीमा उत्पादों की संरचना में बदलाव किया है, जिससे पॉलिसी का औसत मूल्य भी बढ़ गया है। एचडीएफसी लाइफ और एसबीआई लाइफ ने भी अपनी-अपनी पॉलिसी के न्यूनतम और औसत मूल्य में बढ़ोतरी की है। बोनस कंपनियों-एजेंट की बढ़ेगी कमाईकिसी पॉलिसी की प्रीमियम राशि बीमाधारक की उम्र पर निर्भर करती है। न्यूनतम बीमा राशि बढ़ने से बीमाकर्ताओं को नई पॉलिसी के लिए अधिक प्रीमियम चुकाना होगा। दूसरी ओर, बीमा कंपनियों और एजेंट को कमीशन से होने वाली कमाई बढ़ेगी। पॉलिसी जितनी बड़ी होती है, बीमा कंपनी और एजेंट के लिए मार्जिन उतने ही अच्छे होते हैं।एलआईसी ने शुरू किया बंद पॉलिसी चालू करने का अभियानकंपनी ने पहली तिमाही के नतीजों के दौरान बताया था कि कम मूल्य वाली पॉलिसियों के निरंतरता अनुपात में गिरावट आई है। इसे देखते हुए उसने एक खास अभियान शुरू किया है, जिसमें पॉलिसीधारकों को विशेष रियायत पर बंद पड़ी जीवन बीमा पॉलिसी को फिर से शुरू करने की सुविधा दी जा रही है।क्या है पर्सिस्टेंसी अनुपातबीमा उद्योग में पर्सिस्टेंसी एक प्रमुख मीट्रिक है, जो एक निश्चित अवधि के बाद भी चालू बीमा पॉलिसियों के प्रतिशत को मापता है।

पर्सिस्टेंसी अनुपात पर निवेशकों और नियामकों की बारीक नजर रहती है, क्योंकि यह ग्राहकों की संतुष्टि एवं बिक्री की गुणवत्ता दोनों को दर्शाता है। सरकार ने फरवरी, 2023 में एचएनआई की ओर से गलत तरीके से उठाए जा रहे टैक्स लाभ पर अंकुश लगाने के लिए 5 लाख रुपये से अधिक सालाना प्रीमियम वाली गैर-यूलिप बीमा पॉलिसी पर कर लगाया था।सरकार के इस कदम के बाद 13वें महीने के पर्सिस्टेंसी अनुपात में 100 आधार अंकों तक की गिरावट दर्ज की गई थी। कम मूल्य वाली पॉलिसियों को अधिक खरीदार नहीं मिल रहे हैं। एजेंट टारगेट पूरा करने के लिए?इन्हें बेचते हैं।?कम टिकट वाली पॉलिसी पर अधिक मूल्य नहीं मिलता है और इसलिए वे इसे बीच में बंद कर देते हैं। अधिक मूल्य वाली पॉलिसियां अधिक समय तक चलती हैं, इसलिए कंपनियां न्यूनतम मूल्य बढ़ा रही हैं।

## टैरिफ लागू हुआ तो प्रभावित क्षेत्रों को वित्तीय मदद मुहैया कराएगा आरबीआई; गवर्नर मल्होत्रा ने दिया बयान

मुंबइ,29 अगस्त ( एजेंसी ) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगर बुधवार से भारत पर भारी टैरिफ लागू करते हैं तो प्रभावित सेक्टरों को आरबीआई अतीत की तरह वित्तीय मदद मुहैया कराएगा। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, संकट से उबरने के लिए सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों को वित्तीय मदद की जरूरत होगी।गवर्नर मल्होत्रा ने मुंबई में फिक्की और इंडियन बैंक एसोसिएशन के कार्यक्रम में कहा, कोविड के दौरान आरबीआई ने सावधि ऋणों पर स्थगन प्रदान किया था। छोटे एवं मझोले ( एमएसएमई ) क्षेत्रों के लिए कर्ज पाने को आसान बनाया था। मौद्रिक नीति के जरिये अर्थव्यवस्था को मजबूत समर्थन दिया था। हालांकि, टैरिफ पर दोनों देशों में बातचीत चल रही है। हमें उम्मीद है कि इसका न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा। 45 फीसदी ( निर्यातित ) वस्तुएं




कर के दायरे से बाहर हैं। 55 फीसदी में रत्न एवं आभूषण, कपड़ा, ऑटो कलपुर्जे, झींगा व एमएसएमई जैसे कुछ क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ेगा।मल्होत्रा ने कहा, सरकार इस पर विचार कर रही है। हमने अर्थव्यवस्था को तरलता देने के लिए रेपो दर में एक फीसदी कटौती की थी। अर्थव्यवस्था की वृद्धि के लिए और अधिक प्रभावित क्षेत्रों सहित हमसे जो भी सहायता अपेक्षित है, तो हम उसे करेंगे। रुपये के अंतरराष्ट्रीय पर उन्होंने कहा, यह एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जिस पर आरबीआई वर्षों से काम कर रहा है। देश के लिए स्थानीय मुद्रा में व्यापार को विकसित करना महत्वपूर्ण है। यह हमें विदेशी मुद्रा की अस्थिरता से बचाता है।चार देशों के साथ स्थानीय मुद्रा में कारोबार का समझौतागवर्नर ने कहा, भारत के वर्तमान में मालदीव, मॉरीशस, इंडोनेशिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित चार देशों के साथ रुपये में कारोबार के लिए समझौते हैं। स्थानीय मुद्रा में अच्छा व्यापार हो रहा है। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करने के लिए इसे विकसित होने में वर्षों का समय लगेगा। बैंकिंग को बढ़ाने की अब भी जरूरतमल्होत्रा ने वित्तीय समावेशन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बैंकिंग संवाददाताओं ( बीसी ) के नेटवर्क को और मजबूत करने पर जोर दिया। देश के दो तिहाई लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। हमें याद रखना होगा कि इनके प्रति हमारी जिम्मेदारी है। हालांकि, हमने 5 किलोमीटर के दायरे में लगभग सभी गांवों तक बैंकिंग पहुंच प्रदान की है। फिर भी इसे और बढ़ाने की गुंजाइश है। उन्हें प्रशिक्षित करने की भी जरूरत है। बीसी की सेवाओं की संख्या बढ़ाने की भी आवश्यकता है। इससे सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच में भी सुधार होगा। विनियमित संस्थाओं को तकनीक बढ़ाने की जरूरततकनीक निर्णय लेने और ग्राहक सेवा में सुधार का मुख्य माध्यम बन गई है। विनियमित संस्थाओं को ऋण बढ़ाने और लागत कम करने के प्रयासों में तेजी लाना चाहिए। हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी तकनीक को अपनाना जारी रखेंगे। उम्मीद करते हैं कि विनियमित संस्थाएं भी इसमें निवेश करेंगी। हम एक ही टीम में हैं। हमारा दृष्टिकोण एक जैसा है। वित्तीय स्थिरता और विकास के बीच कोई टकराव नहीं है।



### जीएसटी 2.0 के इंतजार में ग्राहक टाल रहे वाहनों की खरीदी, त्योहारी सीजन में धीमी हो सकती है बिक्री

मुंबई,29 अगस्त( एजेंसी )। जीएसटी सुधार की घोषणा के बाद ग्राहक खरीदारी टाल रहे हैं। वे डीलरों से नई दरों के बारे में पूछ रहे हैं। इस स्थगन से प्रमुख त्योहारी बिक्री पूरी तरह धुल सकती है, क्योंकि दबी हुई मांग नए जीएसटी लागू होने के बाद दिवाली के दौरान ही पूरी हो पाएगी।वाहनों पर जीएसटी दरों के कम होने की उम्मीद में ग्राहक अब खरीदी को स्थगित कर रहे हैं। ऑटोमोटिव डीलरों के संगठन फाडा ने कहा, भारी नुकसान से बचाने के लिए वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी 2.0 तुरंत लागू हो। अगर ऐसा नहीं होता है तो त्योहारी मौसम में और ज्यादा घाटा वाहन कंपनियों को हो सकता है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय जीएसटी परिषद 3-4 सितंबर को जीएसटी के दो स्लैब लागू करने पर अंतिम निर्णय लेगी।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को लिखे पत्र में फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ( फाडा ) ने कहा, जीएसटी 2.0 की घोषणा ने जमीनी स्तर पर चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा कर दी है। देश भर के डीलर आगामी त्योहारों ओणम ( 26 अगस्त ), गणेश चतुर्थी ( 27 अगस्त ) और नवरात्रि व दिवाली ( 18-23 अक्तूबर ) के लिए अपना माल तैयार कर रहे हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सोनोग्राफी की सुविधा बंद

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल और पीएचसी में जांच के लिए लंबी वेटिंग




कोरबा ( छ.ग.गौरव )। ऊर्जाधानी की 14 लाख की जनसंख्या पर स्वास्थ्य विभाग के पास केवल एक ही रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर राकेश अग्रवाल हैं। जिनकी सेवाएं मेडिकल कॉलेज अस्पताल और रानी धनराज कुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए ली जा रही हैं।कुछ महीने पहले तक मेडिकल कॉलेज कोरबा में एक अन्य रेडियोलॉजिस्ट पदस्थ थे, लेकिन वह लंबी छुट्टी पर गए हुए हैं और अब तक लौट कर नहीं आए हैं। इसके कारण स्वास्थ्य विभाग ने वनांचल क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सोनोग्राफी की सुविधा को लगभग पूरी तरह से बंद कर दिया है।

स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में अगर डॉक्टर ने किसी बीमारी की जांच के लिए सोनोग्राफी का सुझाव दिया है, तो लगभग 1 महीने की लंबी वेटिंग मरीजों को मिल रही है। उन्हें या तो लंबा इंतजार करना पड़ेगा या फिर निजी अस्पतालों में जाना होगा। चूंकि स्वास्थ्य विभाग के पास एकमात्र रेडियोलॉजिस्ट है और शहर में मरीजों का अधिक दबाव रहता है। इसलिए शहर के दो महत्वपूर्ण स्थान पर ही उनकी सेवाएं ली जा रही हैं। ऐसे में सोनोग्राफी की सुविधा शहर तक ही सीमित हो गई है। अकेले मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जिस तादाद में मरीज आते हैं, उसके अनुसार अस्पताल में कम से कम 4 रेडियोलॉजिस्ट की जरूरत है। रेडियोलॉजिस्ट की कमी के कारण मरीजों को काफी दिक्कत हो रही है। कई मरीज चक्कर काटने मजबूर हैं। वर्तमान में मेडिकल कॉलेज अस्पताल कोरबा एक दिन में औसतन 40 से 45 सोनोग्राफी की जाती है, सोनोग्राफी मशीनों की संख्या पर्याप्त है, लेकिन सोनोग्राफी करने के लिए रेडियोलॉजिस्ट ही मौजूद नहीं हैं। विभाग के पास केवल एक रेडियोलॉजिस्ट है जिस पर कार्य का इतना अधिक बोझ रहता है कि वह तेजी से सोनोग्राफी करते हैं। मेडिकल कॉलेज में सोनोग्राफी करने के बाद हफ्ते में दो दिन रानी धनराज कुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी सेवाएं देते हैं। एनएचएम के कर्मचारियों का हड़ताल पर चले जाने से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक दिन में लगभग 1200 मरीज ओपीडी में आ रहे हैं इनमें से कई मरीज ऐसे हैं जिन्हें सोनोग्राफी की आवश्यकता है, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट के अभाव में इन्हें अगली तारीख दी जाती है। किसी एक मरीज के सोनोग्राफी का नंबर लगभग 1 महीने बाद आता है।

# आतंक का पर्याय बने सांड को पहुंचाया गया गोठान



कोरबा ( छ.ग.गौरव )। शहर में लोगों पर एक के बाद एक लगातार हमला किए जाने की वजह से आतंक का पर्याय बने काले सांड को नगर निगम की काउकेचर टीम ने पकडक़र गोठान भेज दिया है। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है। सांड के आतंक की बात सामने आने के बाद सुबह नगर निगम के अधिकारी गंभीर हुए और काउकेचर टीम के साथ सांड को ढूंढने निकली। इस दौरान सांड के लोकेशन के संबंध में जानकारी लेने लोगों से संपर्क किया गया। जब उन्होंने सांड को मोतीसागर पारा में बीती रात देखे जाने की जानकारी दी तो काउकेचर टीम मोतीसागर पारा पहुंची और उक्त सांड को घेराबंदी करने के साथ पकडक़र गोठान भिजवा दिया।

# भिक्षुक बनकर पहुंचा चोर, मंगलसूत्र किया पार

कोरबा ( छ.ग.गौरव )। कोतवाली क्षेत्र में एक भिक्षुक ने महिला को झांसे में लेकर उसका मंगलसूत्र पार का दिया। महिला की रिपोर्ट पर अब कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के रामसागरपारा के तालाबपार में हुई। यहां निवासी ननकू दास के घर दोपहर लगभग 12 बजे एक भिक्षुक पहुंचा। इस दौरान घर पर ननकू दास नहीं था। वह फेरी के काम से बाहर गया था। घर पर उसकी पत्नी सुधा देवी थी। भिक्षुक ने महिला से कहा कि आपका जो बच्चा गुम हुआ है वह वापस आ जाएगा,आप लोग ज्यादा परेशान रहते हो। इस बात पर सुधा देवी ने उसे पांच रुपए भिक्षा दिया। भिक्षुक बनकर पहुंचे अज्ञात व्यक्ति ने महिला को घर से थोड़ा चावल लेकर आने कहा, उसके कहने पर उसे थोड़ा चावल व पैसा दे दिया। फिर उसने महिला के हाथ पर काग़ज़ को रखा और उसके मंगलसूत्र को निकालकर कागज में लपेटकर चुनरी में रखने के लिए कहा। भिक्षुक ने चुनरी को बांधकर उसे शाम को खोलने के लिए कहा। बाद में महिला ने चुनरी को खोला तो उसका मंगलसूत्र उसमें नहीं था। महिला ने मंगलसूत्र चोरी की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है।

## प्रभारी प्रधान पाठक व भृत्य को हटाने की मांग

कोरबा। भाजयुमो के जिला कार्यसमिति सदस्य कृष्णानंद राठौर ने गवर्नमेंट मिडिल स्कूल छिंदपुर के छात्रों के साथ वहां पदस्थ प्रभारी प्रधान पाठक सागर टंडन व भृत्य उमाशंकर पाटले को वहां से स्थानांतरित करने की मांग की है। इसकी शिकायत डीईओ कोरबा से की है। शिकायत में कहा है कि इन दोनों के द्वारा अपनी मर्जी से स्कूल का संचालन किया जा रहा है, जिससे पढ़ाई का स्तर गिरता जा रहा है। छात्रों के द्वारा इसकी अक्सर शिकायत की जाती है। छात्रों की शिकायत के बाद दोनों ही स्टाफ को समझाया था, लेकिन वे किसी भी बात को मानने तैयार नहीं हैं। गांव से होने के कारण छात्रों को अपशब्द कहते हुए अक्सर दबाव बनाया जाता है।

# ठगी से बचने जागरूक करेगा साइबर सतर्कता रथ

## रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना




कोरबा ( छ.ग.गौरव )। डिजिटल युग में बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों के मामलों को देखते हुए लोगों को जागरूक करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक ( एसबीआई ) ने एक विशेष पहल की है। एसबीआई की आईटीआई शाखा रामपुर की ओर से साइबर सतर्कता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य आम जनता को डिजिटल सुरक्षा के महत्व के बारे में शिक्षित करना और उन्हें ऑनलाइन ठगी से सुरक्षित रहने के तरीके बताना है। इस जागरूकता अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा कला जत्था की टीम द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ थीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से सरल और मनोरंजक तरीके से आम जनता को यह संदेश दिया गया कि किसी भी अनजान लिंक, कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें। कलाकारों ने बताया कि साइबर अपराधी अक्सर लॉटरी जीतने या नौकरी देने जैसे आकर्षक प्रलोभनों का उपयोग करके लोगों को ठगते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति किसी संदिग्ध गतिविधि का शिकार होता है, तो उसे तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर इसकी जानकारी देनी चाहिए। यह नंबर साइबर अपराधों की रिपोर्ट करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है। यह साइबर सतर्कता रथ' कोरबा जिले के अलग-अलग इलाकों में जाएगा और लोगों को साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देगा। रथ के साथ मौजूद विशेषज्ञ टीम लोगों को बताएगी कि कैसे सुरक्षित ऑनलाइन लेनदेन किया जाए, मजबूत पासवर्ड कैसे बनाए जाएं और अपनी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे सुरक्षित रखा जाए। यह अभियान ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों को डिजिटल दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करेगा। आयोजन में आईटीआई रामपुर के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस जागरूकता अभियान की सराहना की और इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह पहल निश्चित रूप से साइबर अपराधों को रोकने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# बैगलॉग वाले छात्र-छात्राओं की संस्था में होगी परीक्षा

## प्रायोगिक अथवा आंतरिक मूल्यांकन की मियाद 3 तक



कोरबा ( छ.ग.गौरव )। कॉलेजों से नई शिक्षा नीति के तहत अध्ययन करने वाले स्नातक के बैगलॉग वाले छात्र-छात्राओं को नुकसान से बचाने के लिए यूनिवर्सिटी के सहायक कुलसचिव परीक्षा द्वारा कॉलेजों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके अनुसार कॉलेज प्रबंधन को ऐसे छात्रों की प्रायोगिक अथवा सतत आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षा संस्था स्तर पर आयोजित करने कहा गया है। ये परीक्षाएं 3 सितंबर तक पूरा करनी होगी। क्योंकि परीक्षा उपरांत 4 सितंबर तक यूनिवर्सिटी के पोर्टल में परीक्षा में प्राप्त अंकों की प्रविष्टि करना जरुरी होगा। ऐसा नहीं करने कॉलेज व छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे। उसके बाद उन्हें मौका नहीं मिल पाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातक कोर्स की पढ़ाई शिक्षा सत्र 2024-25 से शुरू हो चुकी है। ऐसे में यूजी प्रथम वर्ष प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार आयोजित की चुकी हैं। चालू सत्र में स्नातक के उन छात्रों को तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा देनी होगी। इससे पहले यूनिवर्सिटी ने उन छात्रों को एक मौका दे रही है जिन्होंने किसी कारण से प्रायोगिक अथवा सतत आंतरिक मूल्यांकन ( सीआईए ) की परीक्षा नहीं दे पाए थे। या फिर कॉलेज द्वारा उनके अंकों का प्रेषण यूनिवर्सिटी को नहीं किए जाने के कारण उक्त कोर्स में बैगलॉग हो गया है। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी से संबद्ध जिले में 24 कॉलेज हैं।

# ट्रेलर से बैटरी व 20 लीटर डीजल की चोरी

कोरबा ( छ.ग.गौरव )। श्यामनगर रजगामार निवासी गोविंदा पटेल बजरंग रियलकान कंपनी कोरबा में ट्रेलर का चालक है। 26-27 अगस्त की दरम्यानी रात लगभग 2.30 बजे वह अपने ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बी जी 5309 को हवाई पट्टी रूमगडा मेन रोड पर खड़ा कर सोया था। तभी ट्रेलर को पीटने की आवाज आई। इस पर वह ट्रेलर को खुला छोडकर भाग गया। सुबह 6 बजे वापस आकर देखा तो उक्त वाहन में लगे दो नग बैटरी, डीजल टैंक से लगभग 20 लीटर डीजल की चोरी हो गई थी। ट्रेलर वाहन के सामने व दोनों साईड अलग बगल का शीशा तोड़ दिया गया था। घटना के संबंध में कंपनी के मुंशी संतोष खुंटे व शिवलाल राज को जानकारी देने के बाद मामले की शिकायत बालको थाना में की गई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# संपत्ति की चोरी पर एक्शन मोड में एसईसीएल

## कोरबा एरिया के 6 कर्मियों को तत्काल प्रभाव से किया गया निलंबित

कोरबा ( छ.ग.गौरव )। एसईसीएल के सतर्कता विभाग ने सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कंपनी की संपत्ति की चोरी में संलिप्त कर्मियों की पहचान की है।

कोरबा क्षेत्र की राजगमार एवं ढेलवाड़ीह खदानों के कुछ कर्मियों द्वारा स्टोर से सामान इशू करवाने के बाद लोहे/स्क्रैप को कबाड़ी की दुकानों पर बेचे जाने की गतिविधि सामने आई थी। सतर्कता विभाग की टीम ने संबंधित गाड़ियों की संख्या के आधार पर जांच कर दोषी कर्मियों की पहचान की। कोरबा क्षेत्रीय प्रबंधन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषी पाए गए 6 कर्मियों पर तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्यवाही की है। जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि एसईसीएल प्रबंधन कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस प्रकार की गतिविधियों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाता है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की किसी भी अनियमितता या भ्रष्टाचार को कड़े स्तर पर निपटाया जाएगा। विदित हो कि इससे पहले एसईसीएल की कॉलोनियों में अवैध बिजली कनेक्शन को लेकर भी सतर्कता विभाग द्वारा कार्रवाई की गई थी। इसके साथ ही प्रोजेक्ट डिजीकोल के अंतर्गत आधुनिक सेंसर तकनीक से डीजल चोरी जैसी गतिविधियों पर भी लगाम लगाने की दिशा में पहल की है।

# बच्चों ने बनाई बप्पा की मूर्ति, लावन्या रही प्रथम



कोरबा ( छ.ग.गौरव )। बच्चों में भी गणेशोत्सव का उत्साह देखने को मिल रहा है। कांशीनगर स्थित ज्ञान अंजली विद्या मंदिर स्कूल में गणेश प्रतिमा बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढक़र एक बप्पा की प्रतिमा बनाई। निर्णायक दल द्वारा उत्कृष्ट प्रतिमाओं का चयन कर विजेता प्रतिभागियों की घोषणा की। प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं की छात्रा लावन्या महंत प्रथम, शम्मी सारथी द्वितीय व तृतीय स्थान पर सौम्या सारथी रही। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों प्राची, समर सारथी, साहिल मंहत, मयंक चौहान व अंजू पैकरा ने भी गणेश की आकर्षक प्रतिमा तैयार की। इनकी पूजा अर्चना की जाएगी व विसर्जन किया जाएगा। बच्चों को गणेश चतुर्थी के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया गया। प्रतियोगिता आयोजन में स्कूल संचालिका चंपा देवी चंद्रा, प्रभारी प्रधान पाठक गुंजन पांडेय, वरिष्ठ शिक्षिका तन्नू गुप्ता, शुभांशी धृतलहरे, मैथली चंद्रा, किरण कटकवार, रौशनी चंद्रा व अन्य का मार्गदर्शन रहा।

# मिलादुन्नबी पर पूर्ण शराबबंदी की मांग, सौंपा ज्ञापन



कोरबा ( छ.ग.गौरव )। तहफ्फुज़-ए-नामूस-ए-रिसालत एक्शन ट्रस्ट के अध्यक्ष मो. न्याज नूर आरबी ने आगामी 5 सितंबर को मनाए जाने वाले पर्व जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी पर जिले में पूर्ण शराबबंदी लागू करने ज्ञापन सौंपा गया है।

आरबी ने कहा की कि मुस्लिम समाज का सबसे बड़ा धार्मिक पर्व जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी 5 सितंबर को मनाई जाएगी। शहर भर में जुलूस निकाली जाएगी। बुजुर्ग, नौजवान, महिलाएँ और मासूम बच्चे तक जश्न में शरीक रहते हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा है कि ऐसे पवित्र अवसर पर शराब जैसी बुराई के कारण धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने का खतरा रहता है। माहौल खराब कर सकती है और शांति-व्यवस्था पर खतरा उत्पन्न हो सकती है।साम्प्रदायिक सौहार्द और जिले की गरिमा पर विपरीत असर डाल सकती है। उन्होंने शासन प्रशासन से मांग की है कि ईद मिलादुन्नबी के दिन जिले की सभी देशी-विदेशी शराब की दुकानें, ठेके, बार और शराब परोसने वाले प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद किए जाएँ। इस संबंध में सख्त प्रशासनिक आदेश जारी हों और संबंधित थाना क्षेत्रों को विशेष सतत निगरानी के लिए निर्देशित किया जाए। जुलूस मार्गों और धार्मिक स्थलों के आसपास नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि पर तत्काल कड़ी रोक लगाई जाए। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के मो. समशुद्दीन हुसैन, शेख मंसूर, सैय्यद हिशामुद्दीन, मो. सरफराज अली, मो. इरफ़ान मेमन समेत वरिष्ठ सामाजिक पदाधिकारी व आमजन मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक किशोर शर्मा द्वारा कावेरी प्रिंटर्स, सी-35,प्रेस काम्पलेक्स टी.पी. नगर कोरबा ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित संपादक किशोर शर्मा, पंजीयन क्रमांक 7585/61 फोन नं. 07759-357623